(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

मिशन फ्रंटलाइन...8



लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद,
बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

बुधवार, 19 जनवरी 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 31 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## मोदी सरकार का फैसला, अब 23 जनवरी से शुरू होगा गणतंत्र दिवस समारोह, सुभाष चंद्र बोस की जयंती भी शामिल

गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाली झांकी हर साल आकर्षण का केंद्र रहती हैं। इनमें विभिन्न राज्यों की झांकी शामिल होती हैं। इस बार पश्चिम बंगाल की झांकी को अवसर नहीं मिल पाया है। इसी को लेकर ममता बनर्जी लगातार केंद्र सरकार पर आरोप लगा रही हैं। ममता बनर्जी ने गणतंत्र दिवस परेड से नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 125 वीं जयंती वर्ष पर उनके और आजाद हिंद फौज के योगदान से जुड़धी पश्चिम बंगाल की झांकी को बाहर करने के केंद्र के फैसले पर हैरानी जता दी। ममता बनर्जी ने तो यह भी कह दिया कि झांकी को हटाया जाना स्वतंत्रता सेनानियों का कद घटाने और उनके महत्व को कमतर करने के समान है। दूसरी ओर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी इस मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर हमला किया। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोगो, इसके सांस्कृतिक विरासत और हमारे महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस का यह अपमान है। दूसरी ओर केंद्र सरकार का दावा इससे बिल्कुल अलग है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसी को लेकर ममता बनर्जी को पत्र लिखा है। अपने पत्र में राजनाथ सिंह ने कहा कि देश की आजादी के लिए नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का योगदान प्रत्येक भारतीय के लिए अविस्मरणीय है। इसी भावना को सर्वोपरि रखते हुए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी के जन्मदिवस, 23 जनवरी के दिन को श्पराक्रम दिवस के रूप में घोषित किया है। इसके साथ ही राजनाथ सिंह ने कहा कि अब से हर बार गणतंत्र दिवस समारोह की शुरूआत नेताजी के जन्मदिवस 23 जनवरी से शुरू होकर 30 जनवरी को समापन किया जाएगा। वर्तमान सरकार नेताजी सुभाष चन्द्र बोस और पश्चिम बंगाल के सभी स्वाध ीनता सेनानियों के प्रति कृतज्ञ है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 1943 में निर्वासन में बनी नेताजी की सरकार की 75वीं वर्षगांठ 2018 में बड़ी धूमधाम से मनाई थी। यह हमारी सरकार थी जिसने गणतंत्र दिवस परेड में आजाद हिंद फौज के जीवित सैनिकों को शामिल किया और उनका अभिनंदन किया। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि उनकी पार्टी कभी भी देशभक्तों और प्रतीकों पर राजनीति नहीं करती। उन्होंने कहा, ''कुछ तकनीकी कारणों से अस्वीकार किया गया होगा। हमारी सरकार और भाजपा नेताजी के अपार योगदान के बारे में अवगत है और हम उन्हें अपने आदर्श और राष्ट्रीय नायक के रूप में देखते हैं। भाजपा कभी भी नेताजी जैसे देशभक्तों पर राजनीति नहीं करती। तृणमूल कांग्रेस इस मामले का राजनीतिकरण कर रही है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे एक पत्र में, बनर्जी ने बोस और उनकी आजाद हिंद फौज पर आधारित राज्य की झांकी को अस्वीकार करने पर "आश्चर्य" व्यक्त किया था। झांकी में रवींद्रनाथ टैगोर, ईश्वरचंद्र विद्यासागर, स्वामी विवेकानंद और श्री अरबिंदो जैसे अन्य बंगाली प्रतीक भी शामिल थे।




## समाजवादी पार्टी को विधानसभा चुनाव में कई छोटे दलों ने दिया बिना शर्त समर्थन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को कई छोटे दलों ने बिना शर्त समर्थन देने का फैसला किया है।समाजवादी पार्टी के मुख्यालय में सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की मौजूदगी में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जन अधिकार मंच और बांदा जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष आईपी कुशवाहा, चंदौली से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी व जय भारत समानता पार्टी के अध्यक्ष हेमंत कुमार कुशवाहा, अखिल भारतीय अशोक सेना के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार कुशवाहा, महानता वादी पार्टी के अध्यक्ष हरिओम कुशवाहा, राष्ट्रीय जन सेवक संघ के अधिष्ठाता हरिशंकर सबरीमाला,रोजगार आंदोलन मंच के अध्यक्ष ओमप्रकाश मौर्य, नेशनल यूथ पार्टी के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, आरपीआई (ए) के बालकिशन गुप्ता ने बिना शर्त सपा को वर्ष 2022 के चुनाव में समर्थन दिया है। पटेल ने सपा की तरफ से इन सभी संगठनों का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि हाल ही में उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य तथा आयुष मंत्री धर्म सिंह सैनी ने मंत्री पद से इस्तीफा देकर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। अखिलेश यादव ने इसके पहले ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सक्रिय केशव देव मौर्य की अगुवाई वाले महान दल से गठबंधन किया है।



## डिजिटल चुनाव प्रचार पर कितना खर्च किया ? ईसी ने पहली बार कॉलम जोड़ प्रत्याशियों से मांगा डिटेल

नई दिल्ली। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों को डिजिटल प्रचार की अनुमति दी है। डिजिटल चुनाव प्रचार में कितना खर्च किया? अब सभी प्रत्याशियों को इसका ब्योरा भी चुनावी खर्च का ब्योरा देते वक्त देना होगा। हालांकि, पहले भी प्रत्याशी डिजिटल कैंपेन पर खर्च होने वाली राशि के बारे में जानकारी दिया करते थे। लेकिन यह पहला मौका है जब इस तरह के खर्चों की जानकारी देने के लिए एक कॉलम बनाया गया है। कोविड–19 संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए चुनाव आयोग ने रैली, रोड शो, नुक्कड़ सभा समेत अन्य सभी तरह की फिजिकल रैलियों पर 22 जनवरी तक प्रतिबंध लगा रखा है। इस प्रतिबंध ा के बाद सभी राजनीतिक पार्टियां अब चुनाव प्रचार के लिए डिजिटल और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल कर रही हैं। पहली बार उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, पंजाब और मणिपुर के विधानसभा चुनावों में चुनाव आयोग की तरफ से यह कॉलम जोड़ा गया है। एक अधि ाकारी ने बताया, श्पार्टियां और उम्मीदवार (अब तक) इस तरह के खर्च का खुलासा खुद करते थे... डिजिटल वैन जैसी चीजों पर खर्च का ब्योरा देते थे. ..इस श्रेणी के तहत खर्च दिखाते थे। अब, इस चुनाव में इस तरह के खर्च को दर्ज करने के लिए एक समर्पित कॉलम बनाया गया है।श अधिकारी ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब उम्मीदवारों और पार्टियों द्वारा इस तरह का खुलासा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब इसके लिए एक समर्पित कॉलम की शुरुआत की गई है। बेटे के लिए टिकट मांग गलत नहीं किया, समर्थन में बोले भाजपा सांसदः जन प्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 10 ए के अनुसार निर्धारित समय के भीतर अपने चुनावी खर्च को दर्ज करने में विफल रहने पर संबंधित उम्मीदवार को निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव लड़ने से तीन साल की अवधि के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है।





## रूस ने कुडनकुलम में छठा परमाणु रिएक्टर बनाना शुरू किया, मोदी-पुतिन की बातचीत का असर!

नई दिल्ली। रूस ने तमिलनाडु में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र में छठे रिएक्टर का निर्माण शुरू कर दिया है। 6 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच वार्षिक शिखर सम्मेलन के बाद यह शुरुआत हुई है। अधिकारियों ने बताया कि रूसी परमाणु इंजीनियरिंग कंपनी एटमैश केएनपीपी में यूनिट नंबर 6 के लिए परमाणु रिएक्टर और स्टीम जनरेटर का निर्माण कर रही है। रूसी कंपनी रोसाटॉम कुडनकुलम संयंत्र के लिए टेक्नोलॉजी मुहैया करा रही है, जिसमें प्रत्येक में 1,000 मेगावाट क्षमता की 6 यूनिट्स हैं। भारत और रूस शिखर सम्मेलन के दौरान थर्ड कंट्री पार्टनरशिप के लिए सहमत हुए। यह सहमति बांग्लादेश के एकमात्र परमाणु ऊर्जा संयंत्र में उनकी सफल भागीदारी को देखते हुए बनी। केएनपीपी की पांचवीं और छठी पावर यूनिट्स के कॉन्ट्रैक्ट के तहत रूस दो परमाणु रिएक्टरों का निर्माण और आपूर्ति करेगा। इसमें भाप जनरेटर के दो सेट, रिएक्टर कूलेंट पंप सेट बॉडी, मेन सर्कुलेशन पाइपिंग, इमरजेंसी कोर कूलिंग सिस्टम टैंक, पैसिव कोर फ्लडिंग सिस्टम टैंक और दो प्रेशराइजर शामिल होंगे। जून में शुरू हुआ पांचवीं परमाणु ऊर्जा यूनिट का निर्माणः पिछले जून में रूस ने कुडनकुलम में पांचवीं परमाणु ऊर्जा यूनिट का निर्माण शुरू किया। शिखर सम्मेलन के बाद जारी संयुक्त बयान के अनुसार, ष्कई सालों से कुडनकुलम एनपीपी (परमाणु ऊर्जा संयंत्र) निर्माण परियोजना रूस और भारत के बीच सहयोग का प्रतीक है। हालांकि, जो पहले ही हासिल किया जा चुका है, हम उस पर रुकना नहीं चाहते हैं। रोसाटॉम के पास सभी सबसे विकसीत परमाणु ऊर्जा टेक्नोलॉजी है।



## उत्तर प्रदेश में कोरोना के 14,803 नए मामले दर्ज, एक्टिव मामलों की संख्या एक लाख के पार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने आज बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 2,08,308 सैम्पल की जांच की गयी। कोरोना संक्रमण के 14,803 नये मामले आये हैं। प्रदेश में अब तक कुल 9,67,42,842 सैम्पल की जांच की गयी हैं। कल विभिन्न जनपदों को आरटीपीसीआर के लिए 1,20,066 सैम्पल भेजे गये है। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टों में 20,191 लोग तथा अब तक 17,40,268 कोविड–19 से ठीक हो चुके हैं। प्रदेश में कोरोना के कुल 1,01,114 एक्टिव मामले है, जिनमे 98,897 लोग होम आइसोलेशन में है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक सर्विलांस टीम के माध्यम से 3,09,851 क्षेत्रों में 6,64,069 टीम दिवस के माध्यम से 3,63,73,120 घरों के 17,46,04,832 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 17 जनवरी, 2022 को एक दिन में कुल 26,24,998 डोज दी गयी है, जिनमें 15 से 18 वर्ष के बच्चों को 3,94,222 डोज दी गयी है। प्रदेश में कल 18 वर्ष से अधिक लोंगों को पहली डोज 13,93,77,643 दी गयी है। दूसरी डोज 8,86,50,417 लगायी गयी है। अब तक 18 वर्ष से अधिक लोगों को कुल 22,80,28,060 डोज दी जा चुकी है। उन्होने बताया कि 15 से 18 वर्ष के बच्चों को अब तक 58,79,355 वैक्सीन की प्रथम डोज दी गयी है, जो उनकी अनुमानित संख्या का 41.95 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि अब तक 4,67,206 प्रीकॉशन डोज दी गयी है। प्रसाद ने बताया कि 24 जनवरी, 2022 से निगरानी समितियां शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लक्षणात्मक लोगों का, 60 वर्ष से अधिक जिन लोगों ने कोविड की पहली डोज नहीं ली उनका तथा जिन बच्चों का नियमित टीकाकरण रह गया है उनकी पहचान करेगी। उन्होने कहा कि सभी लोग अपना कोविड टीकाकरण अवश्य करवाये। जिन लोगों ने अपनी पहली डोज ले ली है समय आने पर दूसरी डोज भी अवश्य ले। कोविड संक्रमण अभी पूरी तरह समाप्त नही हुआ है। इसलिए सभी लोग कोविड अनुरूप आचरण करे। टीकाकरण के बाद भी कोविड प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कोविड हेल्पलाइन 18001805145 पर सम्पर्क करे।



## आत्मनिर्भर सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम, सेना ने प्राइवेट सेक्टर से 96 करोड़ रुपए का करार किया

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में मंगलवार को अहम कदम उठाया। सेना ने मेन्यूवेरेबल एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट के लिए मेक–प्प के तहत एनाड्रन सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ 96 करोड़ रुपये के पहले करार पर हस्ताक्षर किया। डिफेंस प्रोडक्शन इंडिया ने ट्वीट करके इस समझौते की जानकारी दी। ट्वीट में कहा गया, ष्भारतीय सेना ने मेन्यूवेरेबल एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट के लिए मेक–प्प के तहत एनाड्रन सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ करार पर हस्ताक्षर किया है। यह समझौता 96 करोड़ रुपये का है।ष देश श्आत्मनिर्भर सेनाश की दिशा में प्रयासरतः सेना प्रमुख नरवणे ने 15 जनवरी को 74वें सेना दिवस के अवसर पर सेना के एक कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश श्आत्मनिर्भर सेनाश की दिशा में प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आईआईटी सहित भारतीय शैक्षणिक संस्थानों के संयुक्त प्रयासों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ब्लॉकचौन, क्वांटम कंप्यूटिंग, मानव रहित सिस्टम, निर्देशित ऊर्जा हथियार और स्वर्ण ड्रोन जैसी कई नई तकनीकों का विकास किया जा रहा है। सेना प्रमुख ने कहा, ष्कोविड महामारी के दौरान पड़ोसी देशों के साथ हमारा आपसी सहयोग और बढ़ा है। संयुक्त राष्ट्र पीसकीपिंग ऑपरेशन में भारतीय सेना का महत्वपूर्ण योगदान हमेशा रहा है। हमारे सेना के आज भी 5,000 से ज्यादा सैनिक विभिन्न पीसकीपिंग मिशन में तैनात हैं, जो देश को अलग पहचान दे रहे हैं।ष



## तमिलनाडु में दर्दनाक हादसा! घूमने आये 6 छात्र अमरावती नदी में डूबे, सभी की मौत

तमिलनाडु से एक दर्दनाक घटना सामने आयी है। तमिलनाडु के तिरुपुर जिले के धारापुरम गांन में 17 जनवरी को छह छात्र एक नदी में डूब गए जिसके कारण उनकी मौत हो गयी। इस नदी के पास एक आठ छात्रों का समूह आया था जो हादसे का शिकार हो गया और छह छात्र अमरावती नदी में डूब गये। मरने वालों में पांच स्कूल के छात्र हैं और छठा कॉलेज का छात्र है। अधिकारियों के अनुसार, समूह डिंडीगुल जिले के मम्पराई के एक मंदिर में गया था। लौटते समय, उन्होंने नदी में स्नान करने के लिए एक गड्ढे का सहारा लिया था। आठ में से छह युवकों की डूबने से मौत हो गई, जबकि दो अन्य को स्थानीय लोगों, दमकल और बचाव सेवा कर्मियों ने बचा लिया। मृतकों की पहचान मोहन, रंजीत, श्रीधर, चक्रवर्मानी, अमीर और युवान के रूप में हुई है। बचाए गए दो लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।







## हिंदुओं के खिलाफ विवादित बयान देने वाले मौलाना ने कांग्रेस से किया गठबंधन, संबित पात्रा बोले– धिक्कार है

नई दिल्ली। हाल में ही इत्तेहाद मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खां ने कांग्रेस के समर्थन का ऐलान किया था। हालांकि अब तौकीर रजा खां का समर्थन ही कांग्रेस के लिए मुसीबत बनती जा रही है। दरअसल, तौकीर रजा खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह देश के हिंदुओं को धमकी देते सुनाई दे रहे हैं। भाजपा ने इस वीडियो को अब मुद्दा बना लिया है और कांग्रेस पर निशाना साध रही है। पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने वीडियो को साझा करते हुए कहा कि इस मौलाना की पार्टी से कांग्रेस ने गठबंधन किया है। धिक्कार है। इसके साथ ही संबित पात्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच प्रतिस्पर्धा चल रही है कि हिंदुओं के खिलाफ ज्यादा घृणा कौन उगल सकता है और हिंदुओं के खिलाफ बोलने वालों को कौन सी पार्टी प्रश्रय दे सकती है। संबित पात्रा ने आगे कहा कि मीडिया ने इन्हीं मौलाना के वीडियो को दिखाया था, जिसमें वो हिंदुओं के खिलाफ जहर उगल रहे थे। वे कह रहे थे कि अगर कानून व्यवस्था उनके जवानों के हाथ में आ जाए तो हिंदुओं को हिंदुस्तान में रहने की जगह तक नहीं मिलेगी। वे ये भी करते हैं कि हिंदुस्तान का नक्शा तक बदल देंगे। इस वीडियो को साझा करते हुए भाजपा प्रवक्ता ने तौकीर रजा खां के बयान को लिखा है। इसके साथ ही उन्होंने समजावादी पार्टी पर भी निशान साधा। उन्होंने कहा कि दो समुदायों के बीच लगातार जहर उगलना, दो समुदायों को किस प्रकार से दंगों में झोंकना यही असलम चौधरी विधानसभा ध ौलाना का काम रहा है। असलम चौधरी को भी समाजवादी पार्टी ने प्रमोट किया है। संबित पात्रा ने ने कहा कि कैराना से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नाहिद हसन के खिलाफ भाजपा ने आवाज उठाई थी, आज वो जेल में हैं।

ये वही नाहिद हसन हैं जिसने हिंदुओं के खिलाफ जहर उगला था और कैराना से हिंदुओं के पलायन के लिये जिम्मेदार थे। मोहर्रम अली पप्पू को समाजवादी पार्टी द्वारा टिकट दिया गया है और ये सहारनपुर गुरुद्वारा हिंसा के मास्टरमाइंड है। गुरुद्वारे में किस प्रकार से हिंसा करवाई थी मोहर्रम अली ने ये हम सभी ने देखा है। उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि यूपी में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच प्रतिस्पर्धा चल रही है कि हिंदुओं के खिलाफ ज्यादा घृणा कौन उगल सकता है और हिंदुओं के खिलाफ बोलने वालों को कौन सी पार्टी प्रश्रय दे सकती है।



# फुलप्रूफ व्यवस्थाओं के बीच सम्पन्न होगी टीईटी परीक्षा

बहराइच। सचिव नियामक प्राधिकारी प्रयागराज द्वारा 23 जनवरी 2022 को आयोजित होने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) को जनपद में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक,केन्द्र व्यवस्थापकों की कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने निर्देश दिया कि जनपद में नकलविहीन, शुचितापूर्ण, पारदर्शी और गाइड लाइन के अनुसार परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराया जाय। परीक्षा के दौरान तैनात किये गये अधिकारी, कर्मचारी कोई ऐसा कृत्य नहीं करेंगे जिससे परीक्षा की शुचिता प्रभावित हो।

विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 के दृष्टिगत आचार संहिता प्रभावी है। किसी भी दशा में परीक्षा के दौरान आचार संहिता प्रभावित न होने पाये। परीक्षा केन्द्र में अनुमन्य व्यक्तियों के प्रवेश की ही अनुमति होगी।इस बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी कैसरगंज के नेतृत्व में कैसरगंज क्षेत्र में राष्ट्रीय औसत से अधिक टीकाकरण कराये जाने के लिए उप जिलाधिकारी कैसरगंज की सराहना की गयी। जिलाधिकारी ने विद्यालयवार 15 से 18 वर्ष की आयु के किशोर–किशोरियों के टीकाकरण की समीक्षा करते हुए प्रधानाचार्यो को निर्देश दिया कि यथाशीघ्र शत प्रतिशत किशोर–किशोरियों का टीकाकरण कराया जाय।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. चन्द्रपाल ने बताया कि जनपद में 23 जनवरी 2022 को सम्पन्न होने वाली टी.ई.टी. परीक्षा में कुल 11919 परीक्षार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। प्रथम पाली में 7484 तथा द्वितीय पॉली में 4435 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। डॉ. चन्द्रपाल ने बताया कि टी.ई.टी परीक्षा हेतु जनपद में 15 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। राजकीय इ.का. बहराइच, राजकीय बालिका इ.का. बहराइच एवं राजकीय बालिका इ.का. कैसरगंज, सआदत इ.का. नानपारा में प्रथम व द्वितीय पाली में 400–400, ठाकुर हुकुम सिंह इ.का. कैसरगंज, श्री शंकर इ.का. नानपारा व राहत इ.का. नानपारा में प्रथम व द्वितीय पाली में 500–500, महाराज सिंह इ.का. में प्रथम व द्वितीय पाली में 600–600, महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहराइच में प्रथम व द्वितीय पाली में 700–700, वैद्य भगवानदीन मिश्र गॉधी इ.का. बहराइच व आजाद इ.का. में प्रथम पाली में 500–500, तारा महिला इ.का. बहराइच में प्रथम पाली में 600 व द्वितीय पाली में 35, आर्य कन्या इ.का. में प्रथम पाली में 400, स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहराइच में प्रथम पाली 1000, चौ. सियाराम इ.का. फखरपुर में प्रथम पाली में 84 छात्र–छात्राओं द्वारा परीक्षा में भाग लिया जायेगा।

इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्रा, नगर मजिस्टेट ज्योतिराय, उप जिलाधिकारी सदर सौरभ गंगवार आईएएस, कैसरगंज महेश कुमार कैथल, सीओ सिटी विनय कुमार द्विवेदी, बीएसएस अजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# अस्थाई गौ आश्रय स्थल कटरा बहादुरगंज का डीएम ने किया निरीक्षण

बहराइच। गौ आश्रय स्थलों पर आवासित गोवंशों के लिए की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने अस्थाई गौ आश्रय स्थल, कटरा बहादुरगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने गोवंशों को गुड खिलाया तथा यहॉ पर कार्य करने वाले 6 श्रमिकों को 02–02 कम्बल का वितरण किया।

गौ आश्रय स्थल के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यहॉ पर कुल 130 गोवंश संरक्षित है, जिनमें 43 नर एवं मादा गोवंशों की संख्या 87 है। गौ आश्रय स्थल पर आवासित सभी गोवंशों की टैगिंग की जा चुकी है तथा सभी नर बछड़ों एंव साड़ों का बधियाकरण कराया जा चुका है। गौ आश्रय स्थल में समरसेबिल पम्प के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था की जा रही है तथा पशुओं के लिए वाटर टैंक बना हुआ है। निरीक्षण के दौरान अस्थाई गौ आश्रय स्थल पर लगभग 30 कु. भूसा एवं 1.5 कु. दाना उपलब्ध है। यहॉ पर आवासित पशुओं के लिए 0.5 एकड़ नैपियर घास एवं 1 बीघा बरसीम तथा 2 बीघे मक्खन घास उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने कहा कि कटरा बहादुरगंज गौशाला में तत्कालीन मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. बलवन्त सिंह, ग्राम प्रधान राम कुमार यादव व उप जिलाधिकारी सदर सौरभ गंगवार आईएएस के संयुक्त प्रयास से 6 माह पूर्व कराये गये नेपियर घास रोपण कार्य की मुक्तकंठ से सराहना की। डॉ. चन्द्र ने कहा कि सम्बन्धित अधिकारियों व अन्य लोगों के सहयोग से गौवंश के संचालन के लिए यहॉ पर बहुत ही माकूल बन्दोबस्त किये गये हैं। डॉ. चन्द्र ने बताया कि यहॉ पर प्रयोग के तौर पर अलग–अलग तरीके से नेपियर घास उगाने का सफल प्रयास किया गया है। जिससे यहॉ पर गोंवशों के गुणवत्तायुक्त घास उपलब्ध है। डीएम डॉ. चन्द्र ने निर्देश दिया कि खाली पड़ी जमीन में चारा हेतु मक्का बोए तदोपरान्त उसी जमीन पर नैपियर घास लगायी जाये।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी, सदर सौरभ गंगवार आईएस, जिला विकास अधिकारी राजेश कुमार मिश्र, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आर.एस. वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार, सदर के उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, चित्तौरा एवं ग्राम प्रधान रामकुमार यादव मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय स्वर्णकार मंच के अजय सोनी ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत

शिवदयाल गंज (गोंडा)। राष्ट्रीय स्वर्णकार मंच ने जिले के नवाबगंज विकासखंड में अपनी इकाई का विस्तार करते हुए यहां के स्वर्ण व्यवसाई अजय कुमार सोनी बबलू को ब्लॉक इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया किया है।यह नियुक्ति संगठन के प्रदेश सचिव रामा आधार स्वर्णकार ने की है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक अध्यक्ष पद पर अजय कुमार सोनी का कार्यकाल 3 वर्ष का होगा। उनसे शीघ्र ब्लॉक इकाई का गठन कर सूचित करने के लिए कहा गया है।

## सैकडों वर्षो से लग रहे मेले को कोविड प्रोटोकॉल के तहत लगी रोक

फलाहारी धाम,गोण्डा।पौष पूर्णिमा के पावन अवसर पर सैकडों वर्षो से लग रहे मेले को कोविड प्रोटोकॉल के तहत आज थाना कौडिया की पुलिस ने लगाई रोक।मंदिर प्रवेशद्वार पर प्रातः से ही मुस्तैद पुलिसकर्मियों ने दुकानदारों को मंदिर मे घुसने से मना कर दिया।जबकि इसके विपरीत मात्र सौ मीटर की दूरी पर स्थित कटौली चौराहे पर ले देकर कई दुकानदारों ने अपनी अस्थायी दुकाने लगायी।आगामी दिनो मे पडने वाले तिलवा पर्व हेतु लोग मंदिर परिसर से खरीदे गए शकरकंद व तिल से उक्त पर्व पर पूजन को शुभ मानते है।प्रत्येक बुधवार को इस चौराहे पर लगने वाली बाजार को भी थाना प्रशासन रोकता है या नही,इसे लेकर लोगो मे काफी चर्चा है।

## मकर सक्रांति के मौके घाट पर सन्नाटा,लगा रहा पुलिस का पहरा

करनैलगंज(गोंडा)। मकर सक्रांति के मौके पर जहां लाखों श्रद्धालु स्नान दान करके खिचड़ी का भोग लगाते थे वहां घाट पर सन्नाटे की दस्तक व पुलिस का पहरा रहा। कोरोना संक्रमण के चलते सरयू तट स्थित कटरा घाट पर इस बार मेले का आयोजन नहीं हो सका। सीमित संख्या में श्रद्धालुओं स्नान किया। मकर संक्रांति के अवसर पर शनिवर को कटरा घाट सरयू नदी में डुबकी लगाने के लिए हर बार की तरह आस्था का सैलाब नही उमड़ सका। कोरोना महामारी के चलते स्नान पर्व पर प्रशासन की रोक व मकर संक्रांति दो दिन पड़ जाने के चलते भीड़ नदारद रही। फिर भी सरयू नदी के कटरा घाट व पसका परसपुर सहित विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। सरयू के कटरा घाट पर छिटपुट श्रद्धालुओं के स्नान का सिलसिला तड़के चार बजे से ही शुरू हो गया।

## 9 हजार लोगों को नोटिस निर्गत कर शांति भंग की गई कार्रवाई

करनैलगंज(गोंडा)। विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिये प्रशासन ने असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। जिसे ध्यान में रखते हुये तहसील क्षेत्र में 9 हजार लोगों को नोटिस निर्गत कर शांति भंग की कार्रवाई की गई है। यह जानकारी पत्रकारों से वार्ता करते हुये उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्उप जिलाधिकारी हीरालाल ने दी है। उन्होंने बताया कि विधान सभा क्षेत्र करनैलगंज व कटरा बाजार में विधानसभा चुनाव शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिये सभी थानाध्यक्षों को अपने अपने क्षेत्र के लोगों को चिन्हित कर शांतिभंग की धारा में पाबन्द करने की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था। जिस पर कोतवाली करनैलगंज में 1666 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि इसी तरह थाना परसपुर में 2824, उमरी बेगमगंज में 85, कोतवाली देहात में 365, कटरा बाजार में 2633 व कौड़िया बाजार में 1109 लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की धारा की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि सभी लोगों को नोटिस भी निर्गत की जा चुकी है।

## विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार नियुक्त की गई लेखा टीमें

बहराइच। विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिताधनिर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेटधजिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार लेखा टीम गठित की गयीं हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 282–बलहा (अनु.जा.) के लिए लो.नि.वि. प्रा.ख. के वरि. खण्डीय लेखाधिकारी श्याम बख्श, वि.नि.क्षे.–283 नानपारा के लिए लो.नि.वि. नि.ख.–1 के वरि. खण्डीय लेखाधिकारी एस.एस. यादव व ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के खण्डीय लेखाधिकारी विनोद कुमार, वि.नि.क्षेत्र 284–मटेरा के लिए स.न.ख.–3 के खण्डीय लेखाधिकारी विकास कुमार, वि.नि.क्षेत्र 285–महसी के लिए स.न.ख.–4 के खण्डीय लेखाधिकारी जावेद अहमद, वि.नि.क्षेत्र 286–बहराइच के लिए स.न.ख.–1 नानपारा के खण्डीय लेखाधिकारी अभिनव तिवारी व लो.नि.वि. नि.ख.–3 के खण्डीय लेखाधिकारी सै. हामिद अली, वि.नि.क्षेत्र 287–पयागपुर के लिए स.न.ख.–1 बहराइच के खण्डीय लेखाधिकारी विवेक मिश्रा व लो.नि.वि. नि.ख.–2 के खण्डीय लेखाधिकारी अरूण त्रिपाठी तथा 288–कैसरगंज के लिए स.न.ख.–7 बहराइच के खण्डीय लेखाधिकारी हरे कृष्णा को लेखा टीम में नियुक्त किया गया है। जबकि स.न.ख. नानपारा के खण्डीय लेखाधिकारी विकास सक्सेना को रिजर्व में रखा गया है।

# सपा शासन में स्वीकृत राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज का भाजपा शासन काल मे भी नही पूरा

गोण्डा।सपा शासनकाल में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की स्वीकृति होने के बाद भी 5 साल भाजपा शासन कॉल के बीतने को है लेकिन राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण पूरा नही हुआ। पिछले महीने जब योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री गोंडा आए थे तो इस इंजीनियरिंग कॉलेज का भी लोकार्पण किए थे इसके बावजूद भी यह इंजीनियरिंग कॉलेज जस का तस पड़ा हुआ है।हालांकि इंजीनियरिंग कॉलेज का 70 से 80ः निर्माण हो चुका है अब रंग रोगन का कार्य चल रहा है इसके बावजूद ना तो खिड़की लगे हैं ना दरवाजे लगे हैं और ना ही यहां की सड़कें पूर्ण हैं जबकि दावा किया गया था कि इस शिक्षा सत्र में इंजीनियरिंग कॉलेज में बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। लेकिन इंजीनियरिंग कॉलेज के भवन को देखकर ऐसा नहीं लग रहा है कि इस वर्ष यहां प्रवेश दिया जा सकता है।प्रदेश के सी एंड डीएस संस्था द्वारा इस इंजीनियरिंग कॉलेज का लगभग 44 करोड़ की लागत से निर्माण कराया जा रहा है जो गोंडा से उतरौला रोड स्थित पालीटेक्निक कालेज के प्रांगण में ही निर्माण हो रहा है लेकिन यहां का निर्माण का कार्य कब होता है और कब बंद रहता है यह नहीं जाना जा सकता है। क्योंकि जब ग्राउंड जीरो से यहां की रिपोर्टिंग की गई तो कुछ यहां के चौकीदार या देखभाल करने वाले दौड़कर आए और वीडियोग्राफी करने से रोकने लगे उन लोगों द्वारा कहा जा रहा था कि यहां की वीडियोग्राफी करने से रोक लगी है और जब उनसे यह सवाल किया गया कि कहीं ऐसा कोई बोर्ड यहां नहीं दिखाई पड़ रहा है जिसमें इस निर्माणाधीन भवन प्रांगण के वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी को प्रतिबंधित किया गया है उनके द्वारा बार–बार यही कहा जा रहा था कि हमारे उच्च अधिकारियों ने यहां के वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी पर रोक लगा दी है। जिसका हम सभी लोग पालन करा रहे हैं कर्मचारियों से यह पूछने पर कि इस भवन प्रांगण का निर्माण कब तक पूरा होगा तो उनका रटा रटाया जवाब था कि यह तो अधिकारी जाने।।सपा

शासनकाल में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की स्वीकृति होने के बाद भी 5 साल भाजपा शासन कॉल के बीतने को है लेकिन राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण पूरा नही हुआ। पिछले महीने जब योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री गोंडा आए थे तो इस इंजीनियरिंग कॉलेज का भी लोकार्पण किए थे इसके बावजूद भी यह इंजीनियरिंग कॉलेज जस का तस पड़ा हुआ है।हालांकि इंजीनियरिंग कॉलेज का 70 से 80ः निर्माण हो चुका है अब रंग रोगन का कार्य चल रहा है इसके बावजूद ना तो खिड़की लगे हैं ना दरवाजे लगे हैं और ना ही यहां की सड़कें पूर्ण हैं जबकि दावा किया गया था कि इस शिक्षा सत्र में इंजीनियरिंग कॉलेज में बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। लेकिन इंजीनियरिंग कॉलेज के भवन को देखकर ऐसा नहीं लग रहा है कि इस वर्ष यहां प्रवेश दिया जा सकता है।प्रदेश के सी एंड डीएस संस्था द्वारा इस इंजीनियरिंग कॉलेज का लगभग 44 करोड़ की लागत से निर्माण कराया जा रहा है जो गोंडा से उतरौला रोड स्थित पालीटेक्निक कालेज के प्रांगण में ही निर्माण हो रहा है लेकिन यहां का निर्माण का कार्य कब होता है और कब बंद रहता है यह नहीं जाना जा सकता है। क्योंकि जब ग्राउंड जीरो से यहां की रिपोर्टिंग की गई तो कुछ यहां के चौकीदार या देखभाल करने वाले दौड़कर आए और वीडियोग्राफी करने से रोकने लगे उन लोगों द्वारा कहा जा रहा था कि यहां की वीडियोग्राफी करने से रोक लगी है और जब उनसे यह सवाल किया गया कि कहीं ऐसा कोई बोर्ड यहां नहीं दिखाई पड़ रहा है जिसमें इस निर्माणाधीन भवन प्रांगण के वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी को प्रतिबंधित किया गया है उनके द्वारा बार–बार यही कहा जा रहा था कि हमारे उच्च अधिकारियों ने यहां के वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी पर रोक लगा दी है। जिसका हम सभी लोग पालन करा रहे हैं कर्मचारियों से यह पूछने पर कि इस भवन प्रांगण का निर्माण कब तक पूरा होगा तो उनका रटा रटाया जवाब था कि यह तो अधिकारी जाने।

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती सप्ताह का शुभारम्भ

अयोध्या। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर सुभाष चन्द्र बोस राष्ट्रीय विचार केन्द्र की ओर से जयंती सप्ताह का आरंभ ... कुष्ठ आश्रम में अन्नदान से किया गया। विचार केन्द्र द्वारा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी इस पुनीत अवसर पर सामाजिक सरोकार और जन कल्याण के कार्यक्रम की एक सप्ताह की श्रृंखला का अयोजन कर रहा है, जिसका समापन 23 जनवरी को नेताजी के जन्मदिन के अवसर पर चौक घण्टाधर से रिकाबगंज होते हुये नगर निगम कार्यालय तक निकलने वाले नेताजी सम्मान मार्च से होता है। इस अवसर पर केन्द्र के अध्यक्ष शाक्ति सिंह ने कहा कि नेता जी का जीवन राष्ट्र के लिए समार्पित था। उन्होनें अपना सब कुछ देश की आजादी के लिए न्यौछावर कर दिया था। आज हम सभी उन्हें श्रद्धा से याद करते है। उनकी जन कल्याण की भावना को समार्पित ये आयोजन इसलिए केन्द्र आयोजित करता है, ताकि देश की भावी पीढी उनके जीवन के उददेश्य से परिचित हो और प्रेरणा ले सकें। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता अदित्य नारायण मिश्र, डा0 राकेश वशिष्ठ, विशंभर सिंह, डा0 शैलेन्द्र विक्रम सिंह, केशव बिगुलर, सुप्रीत कपूर आदि गणमान्य बन्धु उपस्थित रहे।

## अवध विवि की होने वाली परीक्षाएं स्थगित

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने 20 जनवरी से होने वाली एनईपी–2020 के अन्तर्गत संचालित बीए, बीएससी एवं बीकॉम पाठ्यकमों की प्रथम सेमेस्टर परीक्षा–2022 एवं बैक पेपर परीक्षा–2021 कोविड–19 महामारी के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा समिति के निर्णय के क्रम में कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के आदेशानुसार बीए, बीएससी एवं बीकॉम पाठ्यकमों की प्रथम सेमेस्टर परीक्षा एवं बैक पेपर परीक्षा को अग्रिम आदेशों तक स्थागित किया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि कोविड महामारी के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत विश्वविद्यालय की 20 जनवरी से होने वाली परीक्षा स्थगित कर दी गई है। उक्त परीक्षाओं की नवीन तिथियां परिस्थितियां अनुकूल होने पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जायेगी।

## सफेद हाथी बनी स्ट्रीट लाइट

करनैलगंज(गोंडा)। करनैलगंज नगर क्षेत्र के गोंडा–लखनऊ मार्ग पर लगी स्ट्रीट लाइटें दिन में भी जलती नजर आती हैं। जिसपर विद्युत विभाग ने नाराजगी जताते हुए नगर पालिका के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। करनैलगंज नगर पालिका की ओर से गोंडा–लखनऊ मार्ग पर नगर में उजाले के लिए सड़क के किनारे स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं। हुजूरपुर मोड़ से लखनऊ तरफ लगाई गईं स्ट्रीट लाइटें शनिवार की दोपहर में भी जलती नजर आईं। आस–पास के लोगों ने बताया नपाप के कर्मचारियों की लापरवाही से आये दिन इस क्षेत्र की लाइटें दिन में भी जलती रहती हैं। इसके देखरेख के लिए कर्मचारी भी नियुक्त हैं जिन्हें वेतन आहरित होता है। मगर इस तरफ ध्यान नही दिया जाता है। जिम्मेदार नपाप अधिकारियों की उदासीनता के चलते कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं। जिससे बिजली का दुरुपयोग हो रहा है।

# वाहन चोरों के गैंग का पर्दाफाश, सात गिरफ्तार

## रौनाही पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम को मिली सफलता

अयोध्या। अंतर्जनपदीय चोरों का गैंग गिरफ्तार कर पुलिस ने दो बाइक, एक ट्रैक्टर, तीन तमंचा, कारतूस, चाकू बरामद किया है। रौनाही पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम की कामयाबी के बाद कई घटनाओं के खुलने की संभावना है। प्रेसवार्ता कर एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने वाहन चोर गिरोह का खुलासा किया। बकौल एसएसपी अपराध नियंत्रण के लिए जनपद के सभी थानों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में रौनाही थाना क्षेत्र के कांटा चौराहे के पास से चोरी हो रहे वाहनों की शिकायतों पर रौनाही पुलिस टीम, एसओजी और सर्विलांस टीम सक्रिय हो गई थी। पुलिस की पड़ताल के दौरान ही मुखबिर खास की सूचना मिली कि चोरी की बाइक बेचने के लिए रुदौली की तरफ से सोहावल की ओर कुछ संदिग्ध आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम रौनाही थाना क्षेत्र के नहर चौराहा महराजा का पुरवा पिरखौली पहुंच गई। जिसके बाद पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया। इनके पास से चोरी की दो बाइक बरामद हुई। आरोपियों अमित उर्फ गुड्डू निवासी थाना हलियापुर जनपद सुल्तानपुर, संदीप शुक्ला ग्राम बहादुरपुर मजरे लालपुर थाना जामो जनपद अमेठी, अमित शुक्ला निवासी पूरे सुफल शुक्ल का पुरवा थाना खण्डासा जनपद अयोध्या, आलोक सिंह, सत्यम सिंह बभनियावा थाना रौनाही जनपद अयोध्या से कड़ाई से पूछताछ शुरू की। इनके पास से बरामद बाइक जो थाना राम जन्म भूमि अयोध्या से सम्बन्धित होना पाया गया जबकि दूसरी के बारे में तस्दीक की जा रही है।

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने फोरलेन के किनारे ग्राम बरई खुर्द थाना रौनाही से ट्रैक्टर मय ट्राली चोरी करना बताया। जिसका मुकदमा 26 दिसंबर 21 को रौनाही में पंजीकृत है। ट्रैक्टर ट्राली की बरामदगी के लिए पुलिस अभियुक्तों को लेकर अमेठी जनपद के कस्बा जामो पहुंची। जहां ट्राली खरीदने वाले कबाड़ी कुलदीप सोनी ने बताया कि 28000 में ट्राली खरीदी थी जिसे स्क्रैप में 40000 में बेच दिया था। जबकि ट्रैक्टर की बरामदगी के लिए आरोपियों को लेकर पुलिस ग्राम तिलवई थाना मोहनगंज जनपद अमेठी पहुंची। यहां ट्रैक्टर खरीदने वाले गंगाराम निवासी तिलवई अमेठी के घर के पास ट्रैक्टर खड़ा मिला। गंगाराम ने बताया कि उक्त अभियक्तों से 40000 में खरीदा था। पुलिस ने उनसे 31400 रूपये बरामद किए। अभियुक्तों पर कई थनों में पहले से भी केस दर्ज हैं। इनका आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस ने सभी पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की है। अभियुक्तों को दबोचने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक देवेन्द्र नाथ राय थाना रौनाही के साथ हेडकांस्टेबल अनुज सिंह, एसओजी के अजय सिंह, विनय प्रकाश राय, अंकित राय, सर्विलांस टीम केसौरभ सिंह व रौनाही थाने के धनन्जय कुमार, विजय प्रताप, रामप्रवेश यादव, श्याम सुन्दर, अनूप चौधरी व कांस्टेबल गौरव थाना रौनाही जनपद अयोध्या शामिल रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया साहित्य मंगलम संस्था का 29वां वार्षिकोत्सव

अयोध्या।अवध क्षेत्र में सतत क्रियाशील साहित्य मंगलम के 29 वा वार्षिकोत्सव साहित्य सेवी स्व. डॉ. राममूर्ति चौधरी को समर्पित भवदीय ग्रुप के अध्यक्ष श्री मिश्रीलाल वर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्षता कर रहे मिश्रीलाल वर्मा और मुख्य अतिथि शिव हर्ष पीजी कॉलेज बस्ती अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर सुप्रसिद्ध आलोचक चिंतक डॉक्टर रघुवंश मणि त्रिपाठी ने मां सरस्वती और संस्था के संस्थापक सदस्य डॉ राममूर्ति वर्मा के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। संस्था के अध्यक्ष डॉ जनार्दन उपाध्याय ने राममूर्ति चौधरी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ चौधरी अयोध्या के बक्सरिया टोला में आवास बनाकर रहते थे और 1992 में साहित्य मंगलम संस्था का गठन कर साहित्य प्रेमियों को एकत्रित करने का काम किया वह बहुमुखी प्रतिभा के धनी से साहित्य सेवा सामाजिक और कवियों लेखकों गीत कारों को एकत्रित करना गोष्ठी और साहित्य से संबंधित कार्यक्रम कराना उनका शौक था। इसलिए उनके न रहने के बाद यह पहला वार्षिकोत्सव उनके याद में कराया जा रहा है। मुख्य अतिथि डॉक्टर रघुवंश मणि त्रिपाठी ने चौधरी जी से लंबे समय के अनुभव की चर्चा करते हुए त्रिपाठी जी ने भारतीय संस्कृति का सार्वभौम स्वरूप समझाया और साहित्य की निरंतरता के महत्व को रेखांकित किया। चौधरी जी के अंतरंग रहे लोगों में से डॉ रामानंद शुक्ला ,संपूर्णानंद बागी ,डॉक्टर आरडी पांडे ,श्रीराम नाथ तिवारी ,श्रीमती मिन्दिला चौधरी , डॉक्टर शेष नारायण मिश्र तथा हरिशंकर शर्मा ने अपने संस्मरण सुनाए छात्र–छात्राओं ने चौधरी जी की गीत रचनाओं का गायन किया।दूसरे चरण में वरिष्ठ कविअशोक टाटम्बरी प्रियंका पांडे ,वीर विक्रमादित्य सिंह ,महेंद्र शुक्ला आदि ने चौधरी जी को काव्यात्मक श्रद्धांजलि दी ।संचालन और आयोजन की भूमिका संस्था के अध्यक्ष डॉ जनार्दन उपाध्याय तथा महासचिव श्री वीर विक्रमादित्य सिंह,अंजनी कुमार सिन्हा ,भानु प्रताप सिंह चंद्रवंशी आदि ने मिलजुल कर निभाई। वार्षिक उत्सव पर सैकड़ों साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे और अपनी रचनाएं सुनाई।

# शतप्रतिशत मतदान कराना हमारी पहली प्राथमिकता: अनुराग यादव

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की इकाई नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में मंगलवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में प्रथम सत्र में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर जिला युवा म्मेलन एवं द्वितीय सत्र में जिला स्तरीय संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता एवं कोविड–19 व्यवहार विषय के सम्बन्ध में जागरूकता अभियान चलाये जाने का युवाओं से आह्वान भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बुद्ध विद्या पीठ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अभय श्रीवास्तव एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी एसडीएस यादव ने युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया। इसके पश्चात रिमझिम वर्मा एवं सलोनी उपाध्याय ने मतदाता जागरूकता गीत के मनमोहक प्रस्तुति से युवाओं को भयमुक्त निष्पक्ष मतदान हेतु प्रेरित किया। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ अभय श्रीवास्तव ने कहा कि युवा समाज व देश की दिशा और दशा को बदलने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक विधानसभा के उन 100 बूथों पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जहां मतदान का प्रतिशत कम है। उन्होंने नेहरु युवा केन्द्र के समस्त वालेंटियर का आह्वान करते हुए कहा कि वे सभी लोग जनपद के प्रत्येक



हिस्से में मतदाताओं को जागरूक करेंगे। जिला क्रीड़ा कहा कि हर बूथ पर मतदान का प्रतिशत पिछले चुनाव के तुलना में बढ़ाया जाए। जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव ने अपने संबोधन में युवाओं को कोरोना काल में कोविड प्रोटोकॉल के पालन करते हुए किस प्रकार मतदान हेतु लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रेरित किया जाए उस पर विमर्श करते हुए कहा की इस हम सभी बूथों तक अपने वालेंटियर के माध्यम से पहुँच कर उन्हें शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रयास करेंगे। कार्यक्रम को राणा प्रताप सिंह, डॉ राकेश तिवारी, विक्रांत मणि त्रिपाठी, अरूणेश विश्वकर्मा, शीलम गौड़, चन्दन गौड़ा, चांदनी वर्मा, मानस्वी, आस्था उपाध्यक्ष, रीमा प्रजापति, ज्योति वर्मा खुशी कन्नौजिया,रिमझिम वर्मा, सुमन वर्मा,खुशबू वर्मा आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम के अंत में समस्त प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन युवा मंडल अध्यक्ष मनोज यादव ने किया।

इस अवसर पर पंकज सिद्धार्थ, विकास पांडेय, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रंजीत कुमार, रुपेश मिश्र, धीरज कुमार, अजय गुप्ता, सनूप कुमार, रामस्वरूप, अखिलेश, अभिषेक, विजयश्री, आकांक्षा, निशी, राम रतन, राजबली, गोविंद वर्मा, किशुन पाल, रवि प्रताप, दीपक, सनोज यादव, रामायन सहित बड़ी संख्या युवा क्लब पदाधिकारियों व सदस्यों की उपस्थिति रही।

# मतदाता पहचान पत्र में संशोधन के बाद भी हो रही ढेरों त्रुटियां

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। आगामी मार्च में होने वाले विधानसभा चुनाव के पूर्व सरकार ने मतदाताओं के नामों में होने वाली गलतियों के संशोधन के लिए सूचना जारी की थी। जिसके तहत मतदाताओं ने नाम और पते में होने वाली त्रुटियों को संशोधित करने के लिए संशोधन फार्म भरा था। किंतु इसे संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही कहें या जानबूझकर की जाने वाली अनदेखी कि संशोधन फार्म भरने के बाद भी नए मतदाता पहचान पत्र में सैकड़ों त्रुटियां देखने को मिल रही हैं। अनेकों नए बने मतदाता पहचान पत्र में मतदाता के नामों और उनके पते में एक बार फिर सैकड़ों गलतियां देखने को मिल रही हैं। नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ जावेद कमाल ने बताया कि उन्होंने भी अपने नाम और पिता के नाम में त्रुटि होने के कारण संशोधन फार्म भरा था, किंतु नए बने मतदाता पहचान पत्र में उनके नाम और पिता के नाम में पहले से भी अधिक त्रुटियां हैं। ऐसे में जहां सरकार मतदाताओं के नाम पते में होने वाली त्रुटियों को संशोधित करने का अवसर दे रही है वही संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही से मतदाता पहले से भी अधिक हलकान और परेशान हो रहे हैं। इस समाचार पत्र के माध्यम से राज्य सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया जा रहा है कि वह बारंबार मतदाता पहचान पत्र में होने वाली त्रुटियों को दुरुस्त करने के लिए संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को उचित दिशा निर्देश दें ताकि मतदाताओं को मतदान के समय और केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा जारी योजनाओं का लाभ लेने में कोई दिक्कत ना हो।

# पोखरी गांव को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा जेएमडी



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। आदर्श नगर पंचायत गोला के पक्का घाट स्थित रामबाग में चल रहे माँ सरयू युवा क्रिकेट प्रतियोगिता के बैनर तले खेले जा रहे क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वाटर फाइनल मुकाबले मे जेएमडी गोला और पोखरी गाँव के बीच मैच खेला गया। जिसमें जेएमडी गोला ने पोखरी गाँव को 99 रनो से हराकर किया सेमीफाइनल में प्रवेश। जेएमडी गोला ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 10 ओवर में खेलते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 120 रनो का लक्ष्य रखा। पोखरी गाँव की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 8 ओवर में ही 99 रन बना कर टीम आल आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच शिवम सिंह चुने गए जिन्होंने 6 विकेट चटकाए। दूसरी पाली में गोपालपुर ने और मेंहदराव के बीच मैंच खेला गया। मेंहदराव ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 74 रनो का लक्ष्य दिया। खेलने उतरी गोपालपुर की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 4 ओवर में ही 3 विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच आफताब चुने गये। जिन्होंने 3 विकेट चटकाए। मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि चिल्लू पार विधानसभा के विधायक विनय शंकर तिवारी ने फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके पश्चात उन्होंने कहा कि खेल में समरसता का भाव होना जरूरी है। जहां समरसता होगी वहां खिलाड़ी अपने हुनर का प्रयोग कर आगे बढ़कर अपने देश प्रदेश क्षेत्र और गांव का नाम रोशन करेंगे।निर्णायक सत्यव्रत मिश्र व दुर्गेश रहे। उद्घोषक अभय पाण्डेय रहे। मैच के आयोजक गौतम वर्मा ने आए हुए सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। दो पालियो में हो रहे रोमांचित मैच का दर्शनार्थियों ने आनंद उठाया।

## डाड़ी खास की टीम ने कोहड़ी की टीम को 5 विकेट से रौदा

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोला क्षेत्र के यदुबंशी क्रिकेट क्लब डड़वापार में चल रहे मैच में मंगलवार चौथे दिन डाड़ी खास और कोहड़ी के बीच मैच खेला गया। जिसमें डाड़ी खास की टीम ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्माणय लिया और जीत हासिल की। डाड़ी खास की टीम अपने निर्धारित आठ ओवर में 5 विकेट गवाकर 78 रन बनाई । 79 रन का विजय लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी कोहड़ी की टीम ने 8 ओवर में अपने सारे विकेट गवाकर मात्र 72 रन पर सिमट गयी। डाड़ी खास की टीम से खेल रहे लाला(पवन) ने दो ओवर में 6 रन देकर दो विकेट लिए। और 35 रन की अपनी पारी भी खेली। इस मैच में इनके इस योगदान के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस मैच में कमेंट्री पर दीपक गोड़, अम्पायरिंग सचिन यादव और संदीप यादव, स्कोरर रत्नाकर यादव रहे। मैच की ब्यवस्था में दीपक यादव, संगम यादव, निखिल, नितिष, अमन आदि रहे।

## पन्द्रह से अट्ठारह वर्ष के छात्र/छात्राओं का हुआ कोविड टीकाकरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोला क्षेत्र के आनन्द विद्यापीठ इण्टर



कालेज ककरही में मंगलवार को पंद्रह से अट्ठारह वर्ष के शेष रह गए छात्रध्छात्राओं का सीएचसी प्रभारी डा. योगेन्द्र सिंह की टीम द्वारा कोविड–19 टीकाकरण किया गया। विद्यालय पर टीकाकरण के अन्तिम दिन कुल 123 छात्रध्छात्राओं को कोरोनारोधी टीका लगा। डाक्टरों की टीम में डा. प्रतिमा, दीपिका शामिल रहीं। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिंह द्वारा डॉ टीम का विद्यालय पर आकर छात्रों का टीकाकरण करने के लिये आभार व्यक्त किया गया। डाक्टर टीम के सहयोग में शिक्षक दीनानाथ भारती, जितेन्द्र सिंह, हीरावन यादव, दीपक सिंह, रामकृपाल, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# झोलाछाप डाक्टरो पर स्वास्थ्य विभाग मेहरबान

## कब तक मरीज होते रहेंगें ठग डाक्टरो का शिकार

कुशीनगर।– उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब प्रदेश के मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने एक फरमान जारी किया उन्होंने सभी बूचड़खाने बंद करने का आदेश दिया था, जिससे प्रदेश में बकरा काटने के लिए लाइसेंस की आवश्यकता होती है लेकिन वही बात करे (इंसान) मरीजों का छेड़छाड़ करने के लिए किसी भी लाइसेंस व डिग्री की आवश्यकता मुख्यमंत्री जी के पूर्वांचल अंतर्गत जनपद कुशीनगर के सेवरही क्षेत्र में नहीं दिख रहा है क्यो की यहाँ पे झोला छाप डॉक्टरों के द्वारा आयेदिन मरोजो को मौत के मुह मे ढकेल दिया जा रहा है बीते दिन सेवरही कस्बे मे स्थित अम्बेडकर नगर मे एक अवेध तरीके से चल रहे हॉस्पिटल मे आपरेशन के दौरान मरीज की मृत्यु हो गयी जिसके बाद अस्पताल का सारा स्ताफ मौके से फरार हो गया जब इसकी सूचना परिजनों को मिली तो मृतक के घर कोहराम मच गया, तत्काल इसकी सूचना स्वास्थ विभाग व स्थानीय पुलिस को मिलते ही मौके पर सेवरही चिकित्सक प्रभारी अमित जयसवाल, संजय सिंह, अमित राय, व सेवरही थानाध्यक्ष अश्तोष कुमार सिंह मय फोर्स घटना स्थल पर पहुँच स्थिति को संभालने मे जुट गए वही परिजनों ने अस्पताल संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पूव मे भी कई बार इस हॉस्पिटल मे ऐसी घटनाएं घटने की बात बताये, अब सवाल यहाँ ये है की उक्त अस्पताल मे ये कई बार घटना हो गयी फिर भी स्वास्थ विभाग चुप क्यो है, दिखावे के लिए स्वास्थ्य महकमा बीच–बीच में सभी क्षेत्रों में छापेमारी तो करता ही है लेकिन छापेमारी के दौरान कार्यवाही क्या होती है यह कभी पता नहीं चल पाता, कभी कभी कार्यवाही के नाम पर सेंटरों को सील भी किया गया लेकिन वह सील कब तक रहता है यह कोई बता नहीं सकता क्योंकि जिस सेंटर को सील किया जाता है वह सेंटर फिर चालू हो जाता है इस पर स्वास्थ्य महकमा क्या जवाब दे सकता है यह तो सोचने वाला विषय है

जब स्वास्थ्य विभाग से संबंधित खबरें प्रकाशित होती हैं तो स्वास्थ्य महकमा काफी सक्रिय होता है और क्षेत्र में छापेमारी की जाती है हालांकि अधिकांश हॉस्पिटल संचालक फरार हो जाते हैं सवाल यह भी है कि उनको पता कैसे चलता है कि आज हमारी चेकिग होने वाली है इतना ही नहीं सेवरही क्षेत्र के किसी भी अवैध हॉस्पिटल, पैथोलॉजी इत्यादी की खबर एक बार या दो बार प्रकाशित होने के बाद तक कोई कार्यवाही नहीं होती है, जब बार–बार खबरें प्रकाशित होती है तब जाकर स्वास्थ्य महकमा अपनी गहरी निद्रा से उठता है और जाकर वहां पर कार्यवाही के नाम पर खाना पूर्ति करता है इन दिनो तमकुही तहसील क्षेत्र के तमकुहीराज, समउर, बभनौली, तरयासुजान, भुलिया, सेवरही, गौरीश्रीराम, पिपराघाट, सहित तमाम छोटे–बड़े चौराहों पर अवैध झोलाछाप ठग डॉक्टरों का गिरोह सक्रिय है लेकिन स्वास्थ्य विभाग इन पर कब तक मेहरबान रहेगा या फिर गरीब मरीजों का कब तक ऐसे ठगो द्वारा शोषण होता रहेगा यह तो बहुत बड़ा सवाल है।

# नेता नहीं जनसेवक बनकर सेवा करना चाहता हूं:बसन्त चौधरी

बस्ती। रूधौली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी बसन्त चौधरी ने आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोविड नियमों का पालन करते हुये गांव– गांव सम्पर्क अभियान तेज कर दिया है। अनेक गांवों में उत्साहित लोगों ने जब फूल मालाओं से उनका स्वागत किया तो बसन्त चौधरी ने जनता जर्नादन के गले में फूलों की माला डालते हुये कहा कि लोकतंत्र में मतदाता सर्व शक्तिमान है।

विधानसभा क्षेत्र के भिरिया, कोठिला, पचमोहनी, महुआर, गोठवा, विशुनपुरवा, परसा दमया, रूधौली, हनुमानगंज आदि गांवों में बसन्त चौधरी ने कहा कि जब तक क्षेत्र से अच्छे लोग नहीं चुने जायेंगे समग्र विकास संभव नहीं है।

लोगों से संवाद बनाते हुये बसन्त चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की प्रतिज्ञा के साथ ही उनके पास क्षेत्र के विकास हेतु स्पष्ट दृष्टिकोण है। यहां संसाधनों की कमी नहीं है साहस से फैसला लेने वालों की कमी है। उन्होने कहा कि जब इस क्षेत्र का नौजवान मां बाप के सपने पूरे करने, बहन के विवाह, बेटे की पढाई सहित अनेक जरूरतों को पूरा करने के लिये दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता, दुबई आदि जाता है तो उनके मन में टीस होती है। कहा कि वे स्वयं इस मजबूरी से गुजर चुके हैं। अब उनकी इच्छा है कि रूधौली क्षेत्र में हर जरूरत मंद घर को औद्योगिक रोजगार से जोड़ा जाय। जब वे आत्मनिर्भर हो जायेंगे, घर की बेरोजगारी दूर होगी तो जिन्दगी खुशहाल होगी। इसी बड़े लक्ष्य को लेकर पचमोहनी के मधवापुर में एक लाख लीटर डेयरी का शिलान्यास कर दिया गया है। कहा कि जब गारमेन्ट उद्योग विकसित होगा तो हर घर की बहू बेटी घरों में बैठकर प्रतिदिन हजारों रूपया कमायेंगी और यहां के उत्पाद विदेशों तक पहुंचेंगे। लोगों से बातचीत में बसन्त चौधरी ने कहा कि उनके पास झूठे वायदे करने और दिखावा जैसा कुछ नहीं है। वे अपनी माटी से जुड़कर क्षेत्र का समग्र विकास करना चाहते हैं। कहा कि उनका मकसद नेता बनना नहीं बल्कि जन सेवक बनकर लोगों की सेवा करना है। लोग जाति, पांति से ऊपर उठकर सेवा का अवसर दें जिससे अवसरवादी राजनीति का खात्मा हो सके।

सम्पर्क के दौरान बसन्त चौधरी के साथ विनोद पाण्डेय, संदीप श्रीवास्तव, विश्वनाथ चौधरी, विश्राम, उदयराज, राजू, शैलेष पाण्डेय, लवकुश, राम उजागिर यादव, निशा, चन्द्र प्रकाश चौधरी, अनिल चौधरी, तौफीक अहमद, भोला चौधरी के साथ ही बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

## कोरोना को दावत देते चौराहे और बाजारे

संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश मे कोरोना के बढ़ते मामलो को लेकर नई गाइडलाइन जारी की गई। जिसको लेकर प्रशासन काफी सतर्क है। संतकबीर नगर जिले के जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने जनता जनार्दन से कहा कि बिना मास्क लगाकर कही भी न आए जाए और सोशलडिस्टेंसिग का पालन करे अपने हाथो को बार बार धोए। जिले के कई ऐसे बाजारों में लोगो ने कोविड 19 की धज्जियां उड़ाने मे कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है। हर बाजारों और चौराहों पर मछली मंडी और मुर्गी की दुकानों पर जायदा भीड़ लगी रहती है तथा गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे अनेकों बीमारी फैलने का खतरा है। जैसे ननदौर, लोहरौली, पिपरा बोरिंग, सेमरियावा, उसरा शहीद, सालेहपुर,नवागांव, बिगरा, बाघनगर ऐसे कई चौराहे है जहा पर कोई भी व्यक्ति कोविड 19 का पालन नहीं कर रहे है। खुलेआम धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं

## जनपद संतकबीरनगर में लोकपाल मनरेगा की हुई तैनाती

संतकबीरनगर। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना(मनरेगा) में गड़बड़ियों एवं भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने तथा इसकी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच और कार्यवाही करने के लिए भारत सरकार के निर्देशानुसार आयुक्त ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद संतकबीरनगर में लोकपाल, मनरेगा की तैनाती की है। नवनियुक्त लोकपाल, मनरेगा पी.के. लाल ने जिले में लगभग एक माह पूर्व ही कार्यभार ग्रहण कर लिया है जो विकास भवन, संतकबीरनगर में प्रथम तल पर कक्ष संख्या 8 में बैठ कर कार्य संपादन कर रहे हैं। उन्होंने जनपद के मनरेगा जाब कार्ड धारकों, जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों सहित ग्रामीण क्षेत्रों के सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि मनरेगा योजना के संबंध में किसी तरह की शिकायत, गड़बड़ी या भ्रष्टाचार की शिकायत करना चाहते हैं, या योजना के लाभ से वंचित मनरेगा जाब कार्ड धारकों को कोई कठिनाई हो रही हो, अथवा मनरेगा से संबंधित कोई अधिकारीध्कर्मचारीध्पंचायत प्रतिनिधि आदि के भ्रष्टाचार की शिकायत करना चाहते हैं तो वे इसकी शिकायत सीधे लोकपाल, मनरेगा से कर सकते हैं। पीड़ित व्यक्ति या उसके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि लिखित रूप से या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से इसकी शिकायत कर सकते हैं। अधिवक्ताध्एडवोकेटध्वकील के माध्यम से दी गई शिकायत मान्य नहीं है। सिर्फ पीड़ित व्यक्ति या उसके अधिकृत प्रतिनिधि अथवा प्रभावित व्यक्ति ही शिकायत दर्ज कराएं। लोकपाल, मनरेगा का मोबाइल नंबर 9415069437 है।

# 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह परंपरागत ढंग से हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जाएगा : अपर जिलाधिकारी

संतकबीर नगर। आगामी 26 जनवरी 2022 को गणतंत्र दिवस समारोह जनपद में परम्परागत ढंग से हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जाएगा। कार्यक्रमों के संयोजन एवं समीक्षा हेतु सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दे दिये गये है। गणतंत्र दिवस समारोह के कार्यक्रम में प्रभात फेरी, महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल–कूद, सामूहिक मार्च पास्ट, वृक्षारोपण सहित अन्य विविध कार्यक्रम शामिल किये गये है। अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह मनाये जाने हेतु कार्यक्रम की रूप रेखा पर जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ चर्चा करते हुए गणतत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के दौरान कोविड–19 संक्रमण के दृष्टिगत अपनाये जाने वाले समस्त सुरक्षात्मक उपायों जैसे विभिन्न कार्यक्रमों में सीमित संख्या में सोशल डिस्टेसिंग एवं मास्क का प्रयोग के साथ ही कार्यक्रमों को मनाये जाने का निर्देश दिया। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की तैयारी बैठक में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जिन अधिकारियों को गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों मे दायित्व सौपे जा रहें, वे अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रह कर कार्यक्रमों को सफल बनाना सुनिश्चित करेगें। गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रातः 08:15 बजे प्रभात फेरी, 08:30 बजे सभी सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण, 09:15 बजे वृक्षारोपण, 09:30 से 11:30 बजे तक पुलिस परेड, 10 बजे जनपद मुख्यालय पर महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण एवं समस्त शिक्षण संस्थाओं, पंचायत भवनों तथा सार्वजनिक स्थलों पर ध्वजारोहण 12:30 बजे जिला चिकित्सालय में मरीजों में फल वितरण सहित विविध कार्यक्रम के आयोजन की रूप रेखा तय करते हुए अपर जिलाधिकारी ने कार्यक्रमों को गौरवशाली बनाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों, पत्रकारों एवं स्वंय सेवी संगठनों से अपील की है। उन्होंने जनपद के नगरीय क्षेत्रों में स्थापित महापुरुषों की मूर्तियों और आसपास की साफ–सफाई का निर्देश संबंधित नगर पालिकाध नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी को तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित महापुरुषों की मूर्तियों की साफ सफाई कराने का निर्देश संबंधित खंड विकास अधिकारी को दिया है। समस्त कार्यक्रमों के दौरान कोविड–19 महामारी के रोकथाम के संबंध में अपनाये जाने वाले समस्त सुरक्षात्मक उपायोधनिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिये है। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिह, विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी गण, वरिष्ठ पत्रकार पवन कुमार श्रीवास्तव सहित स्वंय सेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# सम्पादकीय

**ऐसे में बहुत संभव है कि अमेरिका प्रतिबंध लगाकर भारत को खुद से दूर कर लेने के बजाय उसे रूस से हथियार के और ज्यादा समझौता न करने को राजी करने की नीति अपनाए। जहां तक भारत की बात है तो यह पहले दिन से साफ है कि उसकी विदेश नीति दूसरे देशों के आग्रहों या सुझावों से नहीं बल्कि अपने हितों से...**

## अमेरिका से अच्छे संकेत

अमेरिका से मिल रहे ये ताजा संकेत स्वागत योग्य हैं कि रूस से एस–400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीदने के मामले में वह भारत को प्रतिबंधों से छूट दे सकता है। भारत ने अक्टूबर 2018 में रूस के साथ 5 अरब डॉलर के सौदे पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके मुताबिक एस–400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की पांच युनिट खरीदने की बात तय हुई थी। अमेरिका की तत्कालीन ट्रंप सरकार ने चेतावनी दी थी कि अगर भारत ने इस समझौते पर अमल किया तो उसे काटसा (काउंटरिंग अमेरिकाज ऐडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट) के तहत कड़े प्रतिबंध झेलने पड़ सकते हैं। बावजूद इसके, भारत ने सौदे को रद्द या स्थगित नहीं किया और समझौते के मुताबिक पिछले साल इसकी सप्लाई शुरू हो गई। हालांकि अभी तक बाइडन प्रशासन ने प्रतिबंधों को लेकर कोई फैसला नहीं किया है, लेकिन जिस तरह की चर्चा वहां निर्णयकर्ताओं के बीच चल रही है, उससे लगता है कि अमेरिकी सरकार प्रतिबंध लगाने से बचना चाहेगी। सैंक्शन पॉलिसी के को–ऑर्डिनेटर पद के लिए राष्ट्रपति बाइडन के नॉमिनी जेम्स ओ्यब्रायन का यह कहना महत्वपूर्ण है कि भारत पर प्रतिबंध लगाने का फैसला करने से पहले अमेरिका को जियो स्ट्रैटजिक पहलुओं, खासकर चीन के संदर्भ में बदले समीकरणों पर विचार करना होगा। यह भी कि इस मामले में भारत की तुलना तुर्की से नहीं की जा सकती। तुर्की ने भी रूस से एस–400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीदा था, जिसके कारण अमेरिका उस पर प्रतिबंध लगा चुका है। अच्छी बात है कि अमेरिका में नीति–निर्माताओं को नए अंतरराष्ट्रीय समीकरणों के मद्देनजर भारत की बढ़ती अहमियत का अहसास है। वे भारत की स्थिति और उसकी जरूरतों को लेकर भी संवेदनशीलता दिखा रहे हैं। वैसे उन्हें यह भी पता है कि यूक्रेन के सवाल पर रूस के साथ अमेरिका के संबंधों में चाहे जितना भी तनाव आ गया हो, भारत को रूस से दूर करने की कोशिश में वे एक हद से आगे नहीं बढ़ सकते। फिलहाल चीन के आक्रामक तेवर के मद्देनजर क्वॉड के एक महत्वपूर्ण सदस्य की हैसियत से भी भारत की भूमिका खासी महत्वपूर्ण है। ऐसे में बहुत संभव है कि अमेरिका प्रतिबंध लगाकर भारत को खुद से दूर कर लेने के बजाय उसे रूस से हथियार के और ज्यादा समझौता न करने को राजी करने की नीति अपनाए। जहां तक भारत की बात है तो यह पहले दिन से साफ है कि उसकी विदेश नीति दूसरे देशों के आग्रहों या सुझावों से नहीं बल्कि अपने हितों से निर्धारित होती है। हथियारों के मामले में रूस लंबे अर्से से भारत का सबसे बड़ा सहयोगी रहा है। पिछले दशक के दौरान भी भारत में हथियारों के कुल आयात का करीब दो तिहाई हिस्सा रूस से ही आया है। ऐसे में अचानक इस पर रोक लगाना न तो उचित है और न व्यावहारिक। यह बात अमेरिका समझ रहा है तो यह दोनों देशों के रिश्तों में आती गहराई का सूचक है।

## कविता

### कोई बात नहीं

झूट और चुगली से बदतर, कोई बात नहीं
सच है, सच्ची बात से बेहतर, कोई बात नहीं।

किस से दिल की बात करें, बस इसी बात का है रोना
हर कोई कहता है हंसकर, कोई बात नहीं।

बन जाता है बड़ा बतंगड़, अक्सर ऐसी बातों से
जिनकी तह में होती अक्सर, कोई बात नहीं।

जान बची तो लाखों पाए, लाख टके की बात हुई
लौट के बुद्धू आए हैं घर, कोई बात नहीं।

कस्में, वादे, प्यार, वफा, सब बातें हैं, बातों का क्या!
लेकिन इन बातों से बढ़कर, कोई बात नहीं।

सौ बातों को एक बात में, खत्म किया करते हैं यूँ
सबकी सुनकर, बस यह कह कर, कोई बात नहीं

नियाज की मीठी बातें, कुछ लोगों को फीकी लगती हैं
घर की मुर्गी दाल बराबर, कोई बात नहीं।



**सिद्धार्थनगर।**
**नियाज कपिलवस्तुवी/**
**दैनिक बुद्ध का संदेश**

## मेनकाओं को अब जाकर मिला न्याय

**जंगल के कानून ने किस तरह मनुष्य को शिकार करना, संग्रह करना और जियो और जीने दो का सि)ांत सिखाया, वह इसमें देखने को मिलता है। जंगल में भटकते हुए कात्यायनी जंगल के घिनौने सच से रूबरू होती हैं। उन्हें अहसास होता है कि अरण्य को आपके जीवित या मृत होने से कोई फर्क नहीं पड़ता। बहरहाल, अपनी परिपक्व सोच, समझ और संवेदनशीलता की सचाई के साथ मिथॉलजी ...**

अर्चना शर्मा

मिथॉलजी एक ऐसा विषय है, जो बचपन में दादी–नानी की कहानियों से हमारे दिमाग में घर करता है और उम्र के साथ, समझ के अलग–अलग सोपानों से गुजरता है। शायद दुनिया की पहली कहानी मां, दादी, नानी, मौसी या बुआ के रूप में किसी महिला ने ही सुनाई होगी। महिलाओं का कहानियों, आस्थाओं, परंपराओं से एक सीधा सा संपर्क भारतीय परिप्रेक्ष्य में रहा है, हालांकि रचित ग्रंथों में पुरुषों का वर्चस्व है। अच्छी बात यह है कि आज के दौर में ऐसी अनेक महिलाएं हैं जो मिथॉलजी के क्षेत्र में लेखन कर रही हैं और आख्यानों को एक नए, ताजा नजरिए से प्रस्तुत कर रही हैं।

साई स्वरूप अय्यर ने अभया, अविशि, द्रौपदी, मौरी आदि महिला पात्रों पर आध ारित सशक्त कहानियां लिखी हैं। उनका मानना है कि अंग्रेजी भाषा जेंडर्ड अवधारणा को थोपती है, जबकि हमारे ग्रंथों में ऐसा नहीं है। हमें सही अर्थ जानने के लिए मूलग्रंथ को बार–बार पढना और समझना चाहिए। महाभारत की एक कहानी में जेंडर संतुलन को बखूबी दर्शाया गया है। वनपर्व में द्रौपदी की परिचारिकाओं में से एक उन्हें कुछ अपशब्द कहती है, जिसे सुन युधिष्ठिर काफी आहत होते हैं, लेकिन द्रौपदी मौन रहती हैं। अपनी व्यथा को युधिष्ठिर, ऋषि मार्कण्डेय के समक्ष रखते हैं। तब ऋषि मार्कण्डेय युधिष्ठिर को शांत कर दो सशक्त महिलाओं की कहानियां सुनाते हैं। एक सावित्री की और दूसरी सीता की।

एक और महिला मिथॉलजी लेखिका हैं कविता काणे। इन्होंने भी अपने अंदाज में आख्यानों को समझा और बरता है। कर्ण की पत्नी, मेनका, शूर्पणखा, सत्यवती, अहिल्या– ये महिलाएं जिन आख्यानों में उपेक्षित रही हैं, उन पर इन्होंने विस्तार से लिखा है। कविता काणे का मानना है कि पुराणों की प्रासंगिकता हर युग, हर काल में है। इनकी बेहतर समझ के लिए इनकी पुनर्व्याख्या बहुत जरूरी है। इसमें हमारी व्यक्तिगत समझ और सोच काफी प्रभावी होती है। लेखिकाओं में उन महिला पात्रों के प्रति संवेदनशीलता होती हैं, जिन्हें गौण या नगण्य माना जाता है जैसे कि रामायण में तारा, मंदोदरी हैं और महाभारत में कुंती, गांधारी।

हमारे ग्रंथों में अप्सराओं का खूब जिक्र मिलता है। अप्सराओं को हमेशा से देवताओं को सम्मोहित करने वाला माना जाता है, पर उन्हें कहानियों में खास स्थान नहीं मिलता। मेनका का चरित्र काफी दिलचस्प है। वैवाहिक बंधनों से परे वह एक मां है, जो दो बेटियों को जन्म देती है। उनकी कहानी में ऐसे कई पहलू हैं, जिनसे हम अनजान हैं। मिसाल के तौर पर, किस तरह से महिला एक पुरुष प्रधान समाज में कार्य करती है और अपनी स्वायत्तता भी बचाए रखती है। शूर्पणखा की कहानी लें तो उनके बिना रामायण की कथा की परिकल्पना मुश्किल है। उनके चरित्र में अच्छे और बुरे के प्रभाव से परे, महिला अहसासों पर जोर देने की ज्यादा जरूरत है। शकुंतला को कालिदास ने अभिज्ञान शाकुंतलम में पीडिघ्त दर्शाया है, हालांकि मूल ग्रंथ के अनुसार शकुंतला एक साहसी, स्वतंत्र महिला थीं, जिन्होंने अकेले अपने बच्चे के उत्तरदायित्व को वहन करने का बीड़ा उठाया। वह जंगल के जीवन की परेशानियों से घबराए बिना एकाकी जीवन चुनती हैं।

हमारे सांस्कृतिक पटल में त्रिदेव की प्रधानता है, लेकिन त्रिदेवी को मात्र उनके साथी के रूप में देखा जाता है। ये त्रिदेवियां अपने आप में काफी सशक्त हैं, जिन्हें हम नकार नहीं सकते। पितृसत्तात्मक सोच ने इन कहानियों को दरकिनार किया है। जरूरी है कि अपनी सोच का विस्तार कर हम इन्हें एक व्यापक कैनवास पर देखें।

वाल्मीकि रामायण का अनुवाद करने वाली बहुचर्चित लेखिका, अनुवादक और शिक्षाविद अर्शिया सत्तर कहती हैं कि अपने विद्यार्थियों को पढ़ाने के क्रम में अपनी ही किताब को वह बार–बार पढ़ती हैं और राम के चरित्र का हर बार एक नया आयाम उनके सामने आकर खड़ा हो जाता है। एक वनवासी राजकुमार से एक धर्मनिष्ठ राजा बनने का सफर उनके भीतर कितना कुछ बदलता है। स्वयं में हुए इस बदलाव की वजह से सीता पर लगे आरोपों की चिंता में उलझ उनके साथ पृथक व्यवहार करते हैं। सीता का चरित्र लें तो वह एक साहसी, स्वाभिमानी महिला हैं, जो युद्ध के बाद अपने उस कोमल मन, संवेदनशील पति को तलाशती हैं जो बरसों के वियोग में खो गया है। लक्ष्मण द्वारा वाल्मीकि ऋषि के आश्रम में छोड़े जाने पर वह अपने पति के प्रति प्रेम का परित्याग कर एकाकी जीवन का वरण करती हैं। कहानी के अंत में भी बिना पति की ओर देखे वह धरती की गोद में समा जाती हैं और राम जो एक नायक, न्यायपालक राजा हैं, वह बिल्कुल अकेले रह जाते हैं। अर्शिया का कहना है कि मर्यादा का धर्म के साथ जुड़ाव प्रासंगिक है। वह काफी हद तक हमारे विभिन्न संबंधों पर निर्भर करता है। कौशल्या को इस प्रश्न से जूझना पड़ता है कि वह अपने रानी, मां या पत्नी में से किस रोल को चुनें।

आजकल ग्राफिक नॉवल का भी चलन हो चला है और इसमें इलस्ट्रेशन के जरिए कहानियों को समझाने की कोशिश होती है। अमृता पाटिल एक पेंटर, ग्राफिक उपन्यासकार हैं। उनकी उल्लेखनीय किताबें हैं– आदि पवर्रू चर्निंग ऑफ द ओशन और अरण्यका। इनमें उन्होंने पौराणिक कहानियों को ग्राफिक्स के जरिए सुनाया है। अरण्यका में जंगल की कहानियां हैं, जो वैदिक काल और आज के समय में एक साम्य तलाशती हैं। इस कहानी में याज्ञवल्क्य और उनकी दो पत्नियों– कात्यायनी और मैत्रेयी हैं।

## कमाल के पत्रकार थे कमाल खान!

**मूल रूप से पुराने लखनऊ निवासी कमाल खान ने लखनऊ यूनिवर्सिटी से इंग्लिश में एमए किया था और उसके बाद रशियन भाषा में एडवांस डिप्लोमा। इसके बाद उनका इरादा रूस जाने का था। लगभग पूरी तैयारी हो गयी थी कि अचानक माँ की तबियत काफी खराब हो गयी। कमाल माँ की बीमारी की वजह से रूस नहीं जा पाये और फिर पत्रकारिता के क्षेत्र में चले आये। दिसम्बर 1994 में वे ...**

डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट।

तीन दशक से दिल छू लेने वाली खघ्बरें करने वाले, हम सबके चहेते कमाल खान, हम सबको अनंत लोक में छोड़ कर चले गए। यह हम सबके लिए गहरे शोक की घड़ी है। वरिष्ठ पत्रकार कमाल खान का 62 साल की उम्र में हार्ट अटैक से निध ान हो गया। उनके निधन के बाद देशभर के लोगों ने उन्हें अपने–अपने तरह से याद किया। पत्रकारिता के लिए खान को रामनाथ गोयनका पुरस्कार और गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।कमाल खान के जाने के बाद कई राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने उन्हें अलग–अलग तरह से याद किया। इन नेताओं में हरदीप सिंह पुरी, बसपा प्रमुख मायावती, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी हैं।समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने भी कमाल खान के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा, पत्रकारिता की एक गंभीर आवाज बनकर उभरे कमाल खान जी का जानाज् बेहद दुखद है! उनके सच की गहरी आवाज हमेशा बनी रहेगीज्कमाल खान अपने रिपोर्टिंग करने के तरीके और विषयों की बारीक जानकारी को सरल शब्दों में पेश करने के लिए जाने जाते थे।लखनऊ के बटलर पैलेस कॉलोनी में सुबह के समय उनका निधन हुआ।कमाल खान की पहचान एक तेजतर्रार पत्रकार के तौर पर होती थी।कमाल खान के निधन की खबर से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई।

उनकी शादी पत्रकार रुचि कुमार के साथ हुई थी।एक सुबह–सुबह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी, जिसके बाद अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।सीनियर एडिटर उमाशंकर सिंह ने अपनी यादों को साझा करते हुए लिखते हैं कि कमाल को लेकर दीवानगी ऐसी कि कल रात 9 बजे जब वे टीवी पर थे, उनकी बातों को एक मित्र मोबाइल पर रिकार्ड कर तभी के तभी भेज रहे थे। तनिक भी अंदेशा नहीं था कि सुबह कमाल हमें हमेशा के लिए छोड़ जायेंगे।वरिष्ठ पत्रकार मेहराज दुबे ने कहा, एक शो में उनकी उपस्थिति मात्र दर्शकों को आकर्षित करती थी। उन्होंने जो कुछ भी किया उसमें सर्वश्रेष्ठ करने के सिद्धांत को अपनाया। अपने जीवन के अंतिम दिन तक काम करने वाला एक दिलदार पत्रकार। सुनेत्रा चौधरी बताती है, जब हम एनडीटीवी से काम करके जाते थे तो लोग हमें बताते थे कि वे कमाल खान से कितना प्यार करते हैं। वह एक ऑन ग्राउंड रिपोर्टर थे, जिनके क्लिप कैमरे पर कविता का काम करते थे, जहां दोहे एक तरफ और शब्दों के जाल एक तरफ होते थे। इनकी जगह को भरा नहीं जा सकता। उनकी पत्रकार पत्नी और पूरे परिवार के प्रति संवेदना।प्राइम टाइम शो को होस्ट कर रहीं नगमा ने बताया कि कांग्रेस के 150 उम्मीदवारों की सूची पर कमाल खान ने बात की थी। खान ने कहा था कि प्रियंका का यह फैसला लंबे समय तक असर डालेगा।नगमा ने बताया कि रात में जब वे कमाल से शो पर बात कर रही थीं, तो उनकी सेहत बिल्कुल ठीक लग रही थी। वे अपनी सेहत को लेकर काफी सतर्क रहते थे। उन्हें यकीन नहीं हो रहा है कि चंद घंटे बाद अब उनकी आवाज सदा के लिए गुम हो गई। उन्हें यकीन नहीं हो रहा है कि कमाल उनके बीच नहीं रहे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है।उन्होंने कमाल खान के परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की. योगी ने कहा कि पत्रकारिता की यह अपूरणीय क्षति है। कमाल खान चौथे स्तंभ व निष्पक्ष पत्रकारिता के एक मजबूत प्रहरी थे।

परवर दिगार उनकी आत्मा को शांति दे।उन्होने लखनऊ यूनिवर्सिटी से इंग्लिश में एमए किया था और उसके बाद रशियन भाषा में एडवांस डिप्लोमा। इसके बाद उनका इरादा रूस जाने का था। लगभग पूरी तैयारी हो गयी थी कि अचानक माँ की तबियत काफी खराब हो गयी। कमाल माँ की बीमारी की वजह से रूस नहीं जा पाये और फिर पत्रकारिता के क्षेत्र में चले आये।कमाल खान ने कहा था, मेरी शुरू में रूचि अन्य क्षेत्रों में थी पर धीरे–धीरे पत्रकारिता में दिल लगाने लगा। मैंने वर्ष 1990 से लखनऊ से अपना काम शुरू किया। पर जिस अखबार में काम किया वह अखबार तीन साल बाद 1993 में बंद हो गया। उस समय विनोद शुक्ल ने मुझे अपने अखबार में काम करने का अवसर दिया ,लेकिन मैंने कुछ दिनों बाद वहाँ से रिजाइन कर दिया।शादी में कोई दिक्कत या परेशानी के सवाल पर उन्होने बेबाकी से अपनी बात रखते हुए कहा कि, परेशानी का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि मेरी माँ ने मेरी शादी के छह माह बाद अचानक मुझसे पुछा कि बेटा रूचि की जाति क्या है, कुछ आस–पास वाले पूछते रहते हैं, मालूम हो तो बता दूंगी। कुल मिला कर दोनों परिवार के लोगों ने इस शादी में भरपूर योगदान और सहयोग दिया और बड़े जतन से हमारी शादी कराई। मेरे पिता थे नहीं, पहले ही उनकी मृत्यु हो गयी थी। माँ ने कोई आपत्ति की नहीं। रूचि के पिता तो और भी मजेदार थे। उन्होंने हमारी शादी का कार्ड अपने हाथ से लिख कर उसे लैटर प्रेस से निकलवाया क्योंकि उनका कहना था कि लोग बाद में यह नहीं कहने की स्थिति में हों कि उनकी लड़की रूचि ने भाग कर शादी की है। हमने स्पेशल मैरेज एक्ट में अप्लाई किया–राकेश ओझा उस समय एडीएम थे। और फिर नियत समय पर हमारी शादी हो गयी।कमाल का मानना था कि, पुरस्कार तो मिलते रहते हैं, पर मैं यही मानता हूँ कि हर आदमी को अपना काम चुपचाप लो प्रोफाइल हो कर करते रहना चाहिए। अब पिछले दो सालों में मुझे पांच पुरस्कार मिले। एक तो रामनाथ गोयनका अवार्ड मिला। फिर गणेश शंकर विद्यार्थी अवार्ड मिला। यह अवार्ड पहले सिर्फ प्रिंट मीडिया के लिए था। पहली बार इलेक्ट्रोनिक मीडिया के लिए शुरू हुआ और मुझे भी मिला। ये दोनों पुरस्कार स्वयं राष्ट्रपति के हाथों मिला। इसके अलावा एक न्यूज टेलीविजन अवार्ड मिला जो मेरे अलावा अरूण पुरी साहब को मिला। फिर पर्यावरण पर बेस्ट रिपोर्टिंग के लिए अवार्ड मिला। अभी हाल में सार्क कंट्री राइटर अवार्ड मिला, दक्षेश देशों की संस्था सार्क द्वारा। पहले इसमें सिर्फ लेखकों को अवार्ड मिलते थे, अबकी पत्रकारों को भी शुरू किया है। मुझे और उदय प्रकाश को यह पुरस्कार मिला। मेरी माँ ने मेरी शादी के छह माह बाद अचानक मुझसे पूछा कि बेटा रूचि की जाति क्या है? मैं मानता हूँ कि एक रोल टीवी के जरिये अदा किया, अपनी जिंदगी को अपने ढंग से जियेंगे। मैं फॅमिली मैन हूँ, बीवी बच्चों के साथ घूमना फिरना, ना मीडिया सेंटर गए, ना यहाँ वहाँ बिलावजह घुमक्कडी की। अपने काम से काम रखता हूँ...।



# गलन बरकरार, घरों में दुबका सामान्य जनजीवन

महराजगंज। मकर संक्रांति के बाद ठंड के कड़क तेवर से पारा और लुढ़क गया है। दिन भर सूर्यदेव के दर्शन नहीं होने के कारण क्षेत्र में सन्नाटा पसरा रहा। बाजार सुनसान रहे। सुबह से ही लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। बावजूद इसके शहर से लेकर गांव तक अलाव की व्यवस्था नाकाफी है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो जहां सिर्फ कागजों में अलाव जल रहे हैं, वहीं शहर में जिम्मेदारों की लापरवाही से लकड़ी गिरने के बाद भी जरूरतमंदों को अलाव की आग नसीब नहीं हो पा रही है। महिला अस्पताल समेत कई स्थानों पर लकड़ियों के अभाव में अलाव बुझा हुआ मिला और लोग कांपते रहे। इस दौरान अधिकतम पारा 19 तो न्यूनतम सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने जिले के चारों तहसीलों के अलावा नगर निकायों को अपने–अपने क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिया है। इसके लिए प्रत्येक तहसीलों को अलाव के मद में 50–50 हजार रुपये भी भेजे गए हैं, लेकिन तहसील क्षेत्रों में एक्का–दुक्का स्थानों को छोड़कर कहीं भी अलाव नहीं जल रहे हैं। नगर पालिका की ओर से कागजों में 30 स्थानों पर अलाव जलवाने का दावा किया जा रहा है। इसके लिए बाकायदा प्रतिदिन नगर पालिका के वाहन से लकड़ियां भी गिराई जा रही हैं, लेकिन अलाव जल रहा है, या नहीं इसपर किसी का ध्यान नहीं है। लकड़ी गिराने वाले कर्मचारियों की माने तो जिन स्थानों पर अलाव के लिए लकड़िया गिराई जा रही हैं वहीं के आस–पास के लोग लकड़िया व्यक्तिगत आग जलाने के लिए उठा ले जा रहे हैं। नपा द्वारा बनाए गए सेंटर में स्टेट बैंक, महिला अस्पताल, भीष्म के घर के बगल व चौक स्टैंड आदि पर अलाव नहीं जलते पाए गए। नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णगोपाल जायसवाल ने बताया कि लकड़ियां सार्वजनिक अलाव के लिए भेजी जा रही हैं, अगर उसे कोई व्यक्तिगत प्रयोग कर रहा है, तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। एडीएम डा. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। इसमें लापरवाही पर जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## 10 लाख से अधिक व विदेशी मुद्रा पकड़े जाने पर ईडी को सौंपी जाएगी जांच

महराजगंज। विधानसभा चुनाव में विदेशी मुद्रा और 10 लाख से अधिक नकदी पकड़े जाने पर इसकी जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ को सौंपी जाएगी, इसके लिए जिले के व्यय लेखा विभाग ने पूरी कार्य योजना तैयार कर ली है। व्यय अनुवीक्षण टीम के प्रभारी व वरिष्ठ कोषाधिकारी शालिग्राम के निर्देशन में चुनाव के दृष्टिगत विभिन्न टीमों ने जिले के पांचों विधानसभाओं में अभी से कार्य करना शुरू कर दिया है। जगह–जगह वाहनों की जांच के अलावा खर्चों पर चुनाव आयोग द्वारा विभिन्न तरीके से भी नजर रखी जा रही है। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि चुनाव में प्रत्येक प्रत्याशी को 40 लाख रुपये खर्च करने की अनुमति है। इसके अलावा एक प्रत्याशी चुनाव के दौरान 50 हजार रुपये से अधिक नकदी लेकर नहीं चल सकता है। पार्टी के कोषाध्यक्ष के प्रमाणित पत्र पर एक लाख रुपये लेकर चलने की छूट देने का नियम है। लेकिन अगर इन नियमों का कोई उल्लंघन करता है, तो संबंधित व्यय लेखा अनुवीक्षण टीम व पुलिस विभाग द्वारा नकदी जब्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा भारत–नेपाल सीमा से सटा जनपद होने के कारण विदेशी फंडिग पर रोक लगाए जाने को लेकर भी प्रशासन सख्त है। इस चुनाव के दौरान अगर कहीं 10 लाख रुपये से अधिक या फिर विदेशी मुद्रा पकड़ी जाती है, तो इसके जब्तीकरण की कार्रवाई के साथ–साथ आयकर विभाग व प्रवर्तन निदेशालय को भी सूचना दी जाएगी और मामले की जांच जिला स्तरीय कमेटी के साथ साथ प्रवर्तन निदेशालय भी करेगा। जिला स्तरीय समिति करेगी जब्त रुपये के मामलों का निस्तारण वरिष्ठ कोषाधिकारी शालिग्राम ने बताया कि चुनाव के दौरान राजनीतिक व्यक्तियों के साथ आम नागरिकों को भी परेशानी हो सकती है। अगर कोई भी 50 हजार रुपये से अधिक की नकदी लेकर चलता है और पकड़े जाने पर संतोषजनक कारण के साथ जवाब नहीं देता है तो उसकी धनराशि जब्त की जाएगी। ऐसे में इस मामले की सुनवाई जिला स्तरीय समिति द्वारा कारण व साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी।

## 32 धान क्रय केंद्र बंद, किसान परेशान

महराजगंज। जिले में भले ही धान खरीद 72.15 फीसद कर ली गई है। लेकिन अभी भी केंद्रों पर धान आने का सिलसिला जा रही है। किसान रोज ट्रैक्टर–ट्राली से धान बेचने के लिए पहुंच रहे हैं। पर, जिले के यूपीएसएस के 32 क्रय केंद्रों के बंद होने से इससे जुड़े किसान धान बेचने के लिए परेशान हैं। जिले में एक नवंबर 2021 से धान खरीद शुरू हुई। इसके लिए 266600 क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया। वर्तमान में 188 केंद्रों के माध्यम से अब तक 192358.45 क्विंटल धान खरीदी गई। लेकिन यूपीएसएस संस्था के द्वारा संचालित 32 धान क्रय केंद्रों को भुगतान में शिथिलता के कारण बंद कर दिया गया। इसके बाद से किसानों को और परेशानी बढ़ गई है। किसान धान बेचने के लिए इधर–उधर भटक रहे हैं और प्राइवेट में अनाज बेचने को विवश हो रहे हैं। काशी एग्रो. पकोसो लिमिटेड भैया फरेंदा पर गया तो केंद्र प्रभारी प्रदीप ने बताया कि यहां खरीद 28 दिसंबर 2021 से ही शासन स्तर से बंद है। जिसके कारण धान बेचने के लिए परेशानी झेलना पड़ा। विवश होकर लगभग पांच किलोमीटर दूर भैया फरेंदा में एक निजी दुकान पर धान बेचना पड़ा। राजेश यादव, बैकुंठपुर, आदर्श उपभोक्ता सहकारी समिति रजौड़ा कला पर 77 क्विटल धान तौर कराने के लिए मेरे पिता गए थे, लेकिन इसके बंद होने के कारण करमहिया धान क्रय केंद्र पर तौल कराने जाना पड़ा। बावजूद अभी यहां तौल नहीं हो पाया गया है। नंबर लगा है। इस व्यवस्था से किसानों को परेशानी हो रही है। विनोद कुमार वर्मा, रजौड़ा पंजुम किसानों की सुविधा के लिए बंद केंद्रों के समीपवर्ती क्रय केंद्रों पर धान बेचने के लिए अनुमति दी गई है। किसान वहां अपना धान बेच सकते हैं। बंद क्रय केंद्रों के कांटा को क्रियाशील करने के संदर्भ में आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग से पत्राचार किया गया है।

## 3261 लोगों की हुई कोरोना जांच

महराजगंज। जिले में कुल 3261 लोगों की जांच की गई। इसमें एंटीजन से 1797 लोगों की जांच की गई, जबकि आरटीपीसीआर जांच के लिए 1464 लोगों का नमूना मेडिकल कालेज भेजा गया है। नोडल अधिकारी डा. आइए अंसारी ने बताया कि बृजमनगंज में 184, धानी में 159, घुघली में 140, लक्ष्मीपुर में 204, महराजगंज सदर में 116, मिठौरा में 208, नौतनवा में 700, निचलौल में 394, पनियरा में 202, परतावल में 344, फरेंदा में 174, सिसवा में 214 तथा महिला अस्पताल में 222 लोगों की जांच की गई है।

# 30314 लोगों को लगाया गया कोरोनारोधी टीका

देवरिया। जिले में काफी तेजी से कोरोनारोधी टीका लगाया जा रहा है। 30314 लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाया गया। जिसमें 6262 किशोरों व 616 को बूस्टर डोज लगाया गया। कोरोनारोधी टीका करण कराने को लेकर सीएमओ समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पूरा दिन केंद्रों का दौरा करते रहे। इस दौरान छूटे हुए लोगों को टीकाकरण कराने पर जोर दिया गया। टीकाकरण के लिए जिले में 706 केंद्र बनाए गए हैं। तमाम प्रयास के बाद भी टीकाकरण लक्ष्य के अनुरूप नहीं हो पा रहा है। आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता छूटे हुए लोगों को घरों से बुलाकर टीकाकरण कराने में लगी हैं। डीएम ने नगर पालिका क्षेत्र के तीन टीकाकरण केंद्रों का किया निरीक्षणः डीएम ने ..नगर पालिका क्षेत्र के तीन टीकाकरण केन्द्रों का निरीक्षण किया। कर्मियों को अपने दायित्व को पूरी निष्ठा व मनोयोग से निर्वहन करने व सभी छूटे हुए लोगो का टीकाकरण का लक्ष्य पूरा कराने का निर्देश दिया। आगाह किया कि कोई भी व्यक्ति टीकाकरण से वंचित न रहने पाए। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम निरंजन सबसे पहले अंबेडकर नगर मुहल्ले में पहुंचे। जहां आंगनबाडी केंद्र में चल रहे टीकाकरण कार्य को देखा। इसके बाद गायत्री शक्ति पीठ के निकट टीकाकरण कार्य का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति के बारे में जानकारी ली। तत्पश्चात बसियवां मुहल्ले के प्राथमिक विद्यालय में टीकाकरण कार्य का जायजा लिया। संबंधित कर्मियों को तत्परता बरतते हुए शत प्रतिशत टीकाकरण कराने का निर्देश दिया।

कहा कि सूची में जो भी वंचित है, ऐसे सभी लोगों का टीकाकरण अनिवार्य रूप से करें। डीएम ने आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सर्वे सूची के अनुसार जिन व्यक्तियों का नाम प्रथम व द्वितीय डोज नहीं लेने में सम्मिलित है, उनके घर जाकर उन्हें बुलाकर कैंप में वैक्सीनेशन कराने को कहा। इस कार्य में सभासद भी लोगों के स्वास्थ्य के लिए बढ–चढ कर भागीदारी निभाएं। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका रोहित सिंह, वार्ड के सभासद व अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# बड़ौदा यूपी बैंक में नकब काट कर चोरी का प्रयास

महराजगंज। घुघली कस्बा स्थित बड़ौदा यूपी बैंक में रात नकब काटकर चोरों ने चोरी का प्रयास किया। लाकर काटने में असफल होने पर गैस कटर व सिलेंडर मौके पर छोड़ फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर हडकंप मच गया। शाखा प्रबंधक की सूचना पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले में अविलंब पर्दाफाश के निर्देश दिए। शाखा प्रबंधक कमलाकांत चतुर्वेदी ने बताया कि सुबह आफिस टाइम पर जब बैंक पहुंचा तो भवन में नकब कटने की जानकारी हुई। त्वरित स्थानीय पुलिस को सूचना देते हुए बैंक में दाखिल हुए, तो पाया कि कैश रूम के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। कमरे में एक गैस कटर व एक बड़ा गैस सिलिडर भी बरामद हुआ। जांच में बैंक में लगे कैमरे का डीवीआर और राउटर गायब मिला। चोरों ने गैस कटर से लाकर काटने का प्रयास किया है, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। शाखा प्रबंधक चतुर्वेदी ने बताया कि बैंक में फायर प्रूफ केबिन को भी तोड़ा गया है, जिसमें कागजात रखा गया था। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्त ने बताया कि मौके से बरामद गैस सिलेंडर के नंबर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। बैंक में कैमरे के डीवीआर और राउटर के अलावा अन्य कुछ भी चोरी नहीं हुआ है। शाखा प्रबंधक की तहरीर पर अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# छूटे हुए लोगों का सत्यापन कर शीघ्र लगाएं कोरोनारोधी टीकाः मंडलायुक्त

देवरिया। विकास भवन के गांधी सभागार में मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी ने अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रथम व द्वितीय डोज से छूटे हुए लोगों एवं 15 से 18 वर्ष के किशोरों के कोरोनारोधी टीकाकरण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कोविड–19 टीकाकरण से छूटे हुए लोगों का सत्यापन करने व शतप्रतिशत टीकाकरण कराने पर जोर दिया। मंडलायुक्त ने कहा कि एक दिन अभियान के रूप में सभी वरिष्ठ अधिकारी बीएलओ के साथ एक–एक गांव में टीम के साथ जाए और मतदाता सूची के अनुसार टीकाकरण कराए गए लोगों का वास्तविक रूप से सत्यापन करें। जब अधिकारी गांवों में जाएं तो 50 वर्ष से उपर की महिलाओं एवं 60 वर्ष के उपर के पुरुष का भी सत्यापन करें कि कितने लोगों का टीकाकरण हुआ है। मतदाता सूची के अनुसार घर–घर सत्यापन किया जाए। इसके लिए टीमों को लगाया जाए। जिनके डाटा अभी अपलोड न हुए हो, उनके कोविड टीकाकरण कार्ड या आधार, राशन कार्ड व मोबाइल नंबर लेकर उनके ब्यौरे को अपडेट किया जाए। किसी भी दशा में कोई भी व्यक्ति टीकाकरण से नहीं छूटना चाहिए।

उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आलोक पांडेय को इसे गंभीरता से लेते हुए छूटे हुए लोगों का टीकाकरण कराने तथा प्रगति में सुधार लाये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने बताया कि गांवों में सत्यापन कार्य के लिए टीम गठित की गई है व उन्हें डाटा फीडिग के लिए प्रशिक्षित भी किया गया है। सत्यापन कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार, एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज, एडीएम वित्त एवं राजस्व नागेन्द्र सिंह, सीएमएस एएम वर्मा, एसीएमओ डा. सुरेन्द्र सिंह, संजय चन्द्र, अंकुर सागवान, डा. एचके मिश्रा, डा. बीपी सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग व अन्य जुडे अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# 26 केंद्रों पर होगी टीईटी, पंजीकृत हैं 18504 अभ्यर्थी

महराजगंज। नवंबर माह में निरस्त हुईं उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 23 जनवरी को जनपद के 26 परीक्षा केंद्रों में कड़ी सुरक्षा के बीच होंगी। परिवहन निगम परीक्षार्थियों को मुफ्त सफर की सुविधा प्रधान करेगा। परीक्षार्थियों को 22, 23 व 24 जनवरी को रोडवेज बसों में टिकट नहीं कटवाना पड़ेगा। प्रवेश पत्र दिखाकर वह परीक्षा केंद्रों तक पहुंच सकेंगे। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 28 नंवबर को होनी थी, लेकिन पेपर लीक होने के बाद इसे निरस्त कर दिया गया था। अब यही परीक्षा 23 जनवरी को होंगी। जनपद में 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा को लेकर जिले में कुल 18504 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। केंद्रों में परीक्षा को लेकर तैयारी तेजी से चल रही है। परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2.30 बजे से शाम पांच बजे तक होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा को लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। इन केंद्रों पर होगी परीक्षाः परीक्षा केंद्र के लिए राजकीय गर्ल्स इंटर कालेज धनेवा धनेई, डा. भीम राव आंबेडकर राजकीय डिग्री कालेज धनेवा, धनेई, कार्मल इंटर कालेज, धनेवा–धनेई, लिटिल फ्लावर स्कूल धनेवा–धनेई, बिशप अकेडमी महराजगंज, जवाहर लाल नेहरू स्मारक पोस्ट ग्रेजुएट कालेज महराजगंज, पंडित दीन दयाल इंटर कालेज महराजगंज, सेंट जोसेफ स्कूल महराजगंज, दिग्विजयनाथ इंटर कालेज चौक बाजार, गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय चौक बाजार, आइटीएम चेहरी फरेंदा रोड, राजकीय गर्ह्ल्स इंटर कालेज आनंदनगर, सेठ आनंदराम जयपुरिया इंटर कालेज, एमपी पब्लिक स्कूल मथुरानगर आनंदनगर, परमेश्वरी सिंह मेमोरियल पीजी कालेज मथुरानगर आनंदनगर, झिनकी देवी स्मारक इंटर कालेज फरेंदा, लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज मथुरानगर आनंदनगर, नव जीवन मिशन स्कूल आनंदनगर, स्वर्ण प्रभा पीजी कालेज आनंदनगर, शिवजपत सिंह जनता इंटर कालेज भिटौली, दुर्गावती देवी इंटर कालेज भिटौली, पंचायत इंटर कालेज परतावल बाजार, सरदार पटेल बालिका इंटर कालेज पुरैना खंडी, डीएवी नारंग इंटर कालेज घुघली, श्रीबजरंगी सिंह इंटर कालेज घुघली को चिह्नित किया गया है।

एडमिट कार्ड के जरिए परीक्षार्थी कर सकेंगे मुफ्त आवागमनः शासन ने परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होने के लिए रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान की है। एआरएम महेंद्र पांडेय ने बताया कि 23 जनवरी को होने वाली टीईटी परीक्षा में प्रवेश पत्र के आधार पर परीक्षार्थी बिना टिकट के आ जा सकेंगे। परीक्षार्थी प्रवेश पत्र की पांच–छह प्रतियां अपने पास रखेंगे। यात्रा के समय परिचालक को स्वहस्ताक्षरित एक प्रति उन्हें देंगे। मुफ्त यात्रा की सुविधा परीक्षार्थियों को परीक्षा के एक दिन पहले और एक दिन बाद तक मिलेगी। यानी वे 22, 23, 24 को बिना कुछ खर्च किए आ जा सकेंगे।

## रैन बसेरे में व्यवस्था भरपूर, फिर भी लटक रहा ताला

महराजगंज। सर्दी अपना तेज प्रभाव दिखा रही है, ऐसे में श्रमिकों, यात्रियों के लिए रैन बसेरा काफी सहायक होते हैं। जिले में भी अलग–अलग क्षेत्र में रैन बसेरा संचालित हैं, जहां लोग रुककर रात काट रहे हैं। ऐसे में .महराजगंज शहर समेत नौतनवा, आनंदनगर और निचलौल में पड़ताल में जहां व्यवस्था सही मिली। कुछ जगह अलाव जलता नहीं मिला तो शहर के सरोजनीनगर स्थित रैन बसेरे में ताला लगा मिला। महराजगंज नगर पालिका क्षेत्र में चिउरहां स्थित आश्रय गृह में बने रैन बसेरे में व्यवस्था दुरुस्त मिली। लेकिन कोई रुका हुआ नहीं पाया गया। जबकि वहीं सरोजनी नगर वार्ड में बने रैन बसेरे पर ताला लगा मिला। केयरटेकर के नाम पर आस–पास कोई मौजूद नहीं था। नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णगोपाल जायसवाल ने कहा कि केयरटेकर किसी कार्यवश ताला लगाकर कहीं चला गया था। जिसपर उसे चेतावनी दी गई है। आनंदनगर संवाददाता के अनुसार रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड तिराहा, आंबेडकर तिराहा, धानी ढाला, मंडी समिति के अगल–बगल स्थित दुकानों व मकानों के बरामदों में रात गुजारने वाले लोग पूरी तरह से भगवान भरोसे हैं। रैन बसेरा के नाम पर लेखपाल संघ के कमरे के अलावा दो स्थानों पर कागजों में व्यवस्था की गई है। मौके पर कोई बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। ऐसे में नागरिक लेखपाल संघ का कार्यालय जानकर कभी उसका लाभ नहीं ले पाते हैं। रैन बसेरा को लेकर तहसील व नगर पंचायत प्रशासन द्वारा किए जा रहे दावे के सापेक्ष हकीकत कुछ और ही है। जिसकी वजह से दूर दराज से काम धंधे की तलाश में आए मजदूर, रिक्शा चालक, मोची भी इधर–उधर शरण लेने को मजबूर हैं। नौतनवा संवाददाता के अनुसार स्थानीय नगर पालिका के जलकल परिसर में स्थायी रैन बसेरा में 20 मुसाफिरों के लिए सुविधाएं उपलब्ध है। .रैन बसेरे में कोई भी यात्री नहीं ठहरा हुआ था। रैन बसेरा पर भोजन की व्यवस्था नहीं है। केयर टेकर जोगेंद्र ने बताया कि 11 से 16 जनवरी तक रैन बसेरा में नेपाली नागरिकों समेत कुल 10 यात्री ठहरे थे। निचलौल स्थित रैन बसेरा में यात्री नहीं हैं। व्यवस्था के नाम पर पांच चौकी व उस पर बिस्तर हैं। जिसे यात्री नहीं होने से मोड़ कर रखे गए हैं। रैन बसेरा के सामने अलाव जलाया गया है। जालीदार दरवाजा पर हवा रोकने के लिए प्लास्टिक लगाया गया है। रैन बसेरे पर कोई केयरटेकर मौजूद नहीं रहा। लापरवाही पर होगी कार्रवाईः अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि जिले के नगर निकायों में रैन बसेरों के बेहतर संचालन को लेकर निर्देश दिए गए हैं। सभी स्थानों पर केयर टेकर की तैनाती है, जो आने वाले यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी को दी गयी भावभीनी विदाई

गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे की प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी रीता पी. हेमराजानी की नियुक्ति नेषनल हैण्डलूम डवलपमेंट कारपोरेषन के प्रबन्ध निदेषक के पद पर होने के फलस्वरूप भावभीनी विदाई दी गयी। वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से वर्चुअल बैठक में पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक अनुपम शर्मा की अध्यक्षता में अपर महाप्रबन्धक अमित कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक डी.के.सिंह सहित प्रमुख विभागाध्यक्षों ने उन्हें विदाई देते हुए पूर्वोत्तर रेलवे पर प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी के रूप में उनकी उल्लेखनीय कार्य प्रणाली की सराहना की।

ज्ञातव्य है कि रीता पी.हेमराजानी ने 15 फरवरी, 2021 को पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। उनके कार्यकाल के दौरान पूर्वोत्तर रेलवे के कर्मिक विभाग ने अनेक उपलब्धियां हासिल की जिनमें एच.आर.एम.एस. के माध्यम से शत–प्रतिषत समापक भुगतान, कोविड–19 के कारण मृतक आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर अतिषीघ्र नियुक्ति तथा ग्रुप–बी. में पदोन्नति हेतु पहली बार कम्प्यूटर आधारित टेस्ट कराया जाना आदि सम्मिलित है।

रीता पी.हेमराजानी 1990 बैच की भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा (आई.आर.पी.एस.) की अधिकारी है। आपकी पहली पोस्टिंग सहायक कार्मिक अधिकारी, बडोदरा के पद पर पष्चिम रेलवे में हुई। गुजरात विष्वविद्यालय से रसायन शास्त्र में स्नातक श्रीमती रीता पी.हेमराजानी ने भारतीय रेल पर मानव संसाधान विकास के लिये अनेक इन्फार्मेषन टेक्नालजी आधारित प्रणालियों को विकसित किया। श्रीमती रीता पी.हेमराजानी ने मध्य रेलवे एवं पष्चिम रेलवे के विभिन्न मंडलों, कारखानों एवं ई.डी.पी. सेन्टर में सफलतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। आपने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अन्तर्गत फिल्म डिवीजन में प्रतिनियुक्ति पर भी कार्य किया है, जहां आपने वर्ष 2014 एवं 2016 में अर्न्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का आयोजन करने के साथ अनेक वृत्त चित्रों का निर्माण एवं निर्देषन किया। इसके साथ ही आपने भारतीय सिनेमा के म्यूजियम के निर्माण हेतु बड़े स्तर पर इन्फ्रास्टक्चर अपग्रेडेषन का कार्य भी सफलतापूर्वक सम्पादित किया।

## चार हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने किया चालान

महराजगंज। बृजमनगंज थाना पुलिस ने .क्षेत्र के दो हिस्ट्रीशीटर मुल्ला केवट निवासी घीवपीड़ और बाबूराम निवासी बरगाहपुर टोला त्रिलोकपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान भेज दिया है। इसी क्रम में श्यामदेउरवा थाने की पुलिस ने भी दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान भेजा है।

## महिला ने लगाया जलाने के प्रयास का आरोप

महराजगंज। कोल्हुई थाना क्षेत्र के बटईडीहा गांव निवासी महिला ने अपने ही पति समेत पांच लोगों पर जलाकर मारने के प्रयास की सूचना दी। पति समेत सभी आरोपितों को पुलिस थाने उठा लाई है। थानेदार अजीत प्रताप सिंह ने बताया मामले में दोनों ने सुलह कर लिया है।

## 133 वाहनों का चालान, सात से वसूला जुर्माना

महराजगंज। यातायात नियमों के उल्लंघन में पुलिस ने कुल 133 वाहनों का चालान काटा और सात वाहनों से 7500 रुपये जुर्माना वसूल किए। यातायात निरीक्षक जेपी सिंह ने बताया कि चेकिग के दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाये, बिना अनुज्ञप्ति, सवारी गाडियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर व तेज गति से वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई की गई।

## 30 लोगों को किया गया पाबंद

महराजगंज। विधानसभा चुनाव में शांति व्यवस्था कायम रखने के दृष्टिकोण से ..जिले के 19 थानों की पुलिस ने कुल 30 लोगों को शांतिभंग मामले में पाबंद किया है। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि शांतिभंग मामले में विवाद के संभावित लोगों का चालान किया जा रहा है।

## बगढरवा में नहीं लगेगा मेला

बस्ती। सल्टौआ ब्लाक के बगढरवा में लगने वाला तीन दिवसीय मेला इस बार नहीं लगेगा। मौनी अमावस्या पर एक फरवरी से बगढरवा षिव मंदिर परिसर में शुरू होने वाले मेले को कोरोना महामारी के चलते स्थगित करने का आयोजकों ने निर्णय लिया है।

मेला आयोजन समिति के विजय प्रकाष चौधरी ने बताया कि हर वर्ष मौनी अमावस्या पर विषुनपुरवा में आयोजित तीन दिवसीय बगढरवा के भव्य मेले में दूर दराज क्षेत्रों तक के लोग बड़ी संख्या में आते है। मेले का मुख्य आकर्षण लकड़ी के फर्नीचर और अन्य सामानों की दुकाने रहती है। लेकिन जिस तरह से कोरोना की तीसरी लहर का संकट बढ़ रहा है, उसे देखते हुए इस बार एक फरवरी से शुरू होने वाले मेले को न कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

# नमो सरकार ने पूर्व आईएएस डॉ. अफरोज अहमद को बनाया ग्रीन जज

## अफरोज अहमद के एनजीटी सदस्य बनने पर जिले में खुशी का माहौल

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। रिटायर्ड आईएएस अफसर डॉ. अफरोज अहमद को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में सदस्य बनाया गया है। जो बलरामपुर समेत पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का पल है। अफरोज के इस उपलब्धी पर जिले में खुशी का माहौल है। जिले वासियों ने इस खुशी को एक दूसरे को मिठाई खिलाकर साझा किया है। अफरोज अहमद का जन्म जिले के माधवाजोत में एक लोदी वंश के परिवार में हुआ था। जिन्होंने प्राथमिक शिक्षा अपने पैतृक गांव मधवाजोत तथा जूनियर हाई स्कूल रानीजोत से किया। इसके बाद वें हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट एमपीपी इण्टर कॉलेज बलरामपुर से किया।



बलरामपुर (राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या) के अधीन पूर्ण किया। जिसके बाद उन्होंने एक संक्षिप्त अवधि के लिए एम.एल.के. पीजी कालेज में हीं वनस्पति विज्ञान एवं पर्यावरण विभाग के प्रवक्ता के रूप में भी अपनी इण्टर तक की पढ़ाई पूरी करने के बाद वें स्नातक एवं स्नातकोत्तर तथा डॉक्टरेट एम.एल.के. पीजी कालेज सेवाएं दी। इसके बाद वह 1987–88 के दौरान संयुक्त राष्ट्र फैलोशिप पर उच्च शिक्षा के लिए जर्मनी चले गए। जर्मनी में शिक्षा पूरी करने के बाद वें भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के निमंत्रण पर भारत लौटेकर नौकरशाही में प्रवेश किया। इस दौरान उन्हें मध्य प्रदेश कैडर का आईएएस अधिकारी नियुक्त किया गया। जहां पर काम करते हुए उन्होंने जन कल्याण के लिए कई ऐतिहासिक काम किए।

अफरोज अहमद का चयन सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एंव कैबिनेट तथा गृह सचिव, भारत सरकार के कार्मिक सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा किया गया है। जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने अंतिम मंजूरी दी है।

## पर्यावरण संरक्षण मामलों में अफरोज अहमद का रहा है सराहनीय योगदान

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। डॉ. अफरोज अहमद एक विश्व प्रसिद्ध पर्यावरण वैज्ञानिक, शिक्षाविद, विकास प्रशासक और सिविल सेवक रहे हैं। उन्हे जर्मनी, ऑस्ट्रिया, रूस और चेकोस्लोवाकिया में विज्ञान अकादमियों संयुक्त राष्ट्र संगठनों मंत्रालयों संस्थानों विश्वविद्यालयों से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय से पहला अंतर्राष्ट्रीय नेतृत्व प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद इंग्लैंड, स्वीडन, चीन और जापान में भी पर्यावरण संरक्षण और प्रबंधन में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। श्री अफरोज इजराइल, फिलिस्तीन, मिस्र में अकादमिक, वैज्ञानिक, राजनीतिक, राजनयिक के रूप में संयुक्त राष्ट्र संगठनों में भी अपना योगदान दिया है। उनके पास पर्यावरण प्रशासन, विकास प्रशासन, संघर्ष समाधान, कूटनीति, समन्वय और विकसित नीति कार्यक्रमों में तीन दशकों से अधिक का व्यावहारिक अनुभव है। महाराष्ट्र में वें देवेंद्र फडणवीस एवं उद्धव बाल ठाकरे के सरकार में पर्यावरण संरक्षण सलाहकार भी रह चुके हैं। 2014 से 2018 के दौरान पर्यावरण और पुनर्वास सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दी है। नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण, जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन विभाग, नदी विकास और गंगा कायाकल्प, भारत सरकार में भी सदस्य रह चुके हैं। अफरोज 1991–2014 के दौरान निदेशक (पुनर्वास और प्रभाव आकलन), 2008 से 2015 के दौरान केंद्रीय सतर्कता आयोग भारत सरकार द्वारा नियुक्त मुख्य सतर्कता अधिकारी भी रहे हैं। एनसीए में 2015 से 2018 के दौरान आरटीआई अधिनियम 2005 के तहत अपीलीय प्राधिकारी और जी.बी. में संस्थापक वैज्ञानिक रहे हैं। साथ हीं पंत नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन एनवायरनमेंट एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में 1989 से 1991 के दौरान काम कर चुके हैं। पर्यावरण प्रभाव आकलन के अनुप्रयोग में अग्रणी और भारत में हिमालय, भारत–गंगा के मैदान और प्रायद्वीपीय क्षेत्रों में सतत विकास को लागू करने का श्रेय भी श्री अफरोज अहमद को हीं दिया जाता है। अफरोज ने नर्मदा बांध आन्दोलन के दौरान लगभग दस लाख मानव आबादी के मानवाधिकार और पुनर्वास को सुनिश्चित किया है। साथ हीं ज्यादातर आदिवासी (स्वदेशी) नर्मदा घाटी में प्रमुख बांधों से विस्थापित हुए और नर्मदा परियोजनाओं को चुनौती देने वाले लगभग दो दर्जन मुकदमों को उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय म.प्र. और ग्रीन ट्रिब्यूनल तथा विषम कार्यों की रक्षा के लिए रणनीति विकसित की है। जिसके परिणामस्वरूप नर्मदा बेसिन में सरदार सरोवर नर्मदा बांध (दुनिया की सबसे बहस और सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना), स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (दुनिया का सबसे ऊंचा स्मारक) एवं अन्य परियोजनाओं को पूरा किया गया। अफरोज के द्वारा हीं नर्मदा से संबंधित पर्यावरण, वन और पुनर्वास मामलों से संबंधित अंतर–राज्यीय विवादों को (चार प्रमुख राज्यों के बीच) सुलझाया गया है। इनके द्वारा भारत के अधिकांश प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों, आईआईटी, संस्थानों, अकादमियों, मंत्रालयों, यूएनएस संगठनों और यूरोप, अफ्रीका, एशिया के कई देशों में 1000 से अधिक व्याख्यान देकर पर्यावरण प्रबंधन और सतत विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है। अफरोज भारत के राष्ट्रपति प्रतिभा देवी पाटिल, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम एवं प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ मनमोहन सिंह एवं नरेंद्र मोदी को भी पर्यावरण संरक्षण सम्बंधी सलाह देते रहे हैं।

# समाज के प्रति बढ़ गया है मीडिया का दायित्व: प्रो राममोहन पाठक

### पत्रकारिता, साहित्य, शिक्षा, चिकित्सा और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पांच मनीषियों को किया गया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोंनभद्र। जनपद के वरिष्ठ पत्रकार एवं मीडिया फोरम ऑफ इंडिया न्यास के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी के 74 वें जन्मदिन पर सोमवार को मुसही स्थित फोरएस पाठशाला के मालवीय सभागार में आयोजित श्राष्ट्र निर्माण में पत्रकारों की भूमिकाश् विषयक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति एवं यश भारती सम्मान से सम्मानित प्रो राम मोहन पाठक ने कहा कि पत्रकार राष्ट्र का सजग प्रहरी है, अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर आज बदली हुई परिस्थिति में मीडिया का दायित्व ज्यादा ही बढ़ गया क्योंकि पूरा विश्व मीडिया की कार्य संस्कृति और उसकी लेखन प्रवृति पर अपनी निगाह लगाए हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज के इस वैश्विकरण के युग में सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया का दायित्व राष्ट्र के प्रति अहम माना जा रहा है ऐसे में हम पत्रकारों को सजग होकर राष्ट्र और समाज के हित में अपनी निष्पक्ष लेखनी का प्रयोग और सजगता के साथ करना होगा । मीडिया फोरम ऑफ इंडिया (न्यास) के बैनर तले आयोजित संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के रूप में एनटीपीसी के सहायक प्रबंधक मानव संसाधन मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव, उर्जान्चल वाणी न्यूज की चेयरपर्सन रीना सिंह, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य ओम प्रकाश त्रिपाठी, सोन साहित्य संगम के उपनिदेशक सुशील कुमार राही,गीतकार डॉ रचना तिवारी और फोरएस होम्योपैथिक कालेज के प्रबंधक डॉ जेएन तिवारी तथा प्रखर समाजसेवी राजेश द्विवेदी ने भी विषय पर अपने सारगर्भित विचार रखे। अध्यक्षता फोरम के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी ने की। कार्यक्रम की



शुरुआत मंचस्थ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं पंडित मदन मोहन मालवीय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। परंपरागत होने वाले पत्रकारों के इस कार्यक्रम मे कोविड–19 एवं चुनाव आचार संगीता का पूरी तरह परिपालन करते हुए उपस्थित पत्रकारों से राष्ट्रहित में निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता करने की अपील अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी ने की। कहा कि निष्पक्ष पत्रकारिता ही राष्ट्र निर्माण में सहायक सिद्ध होगी, ऐसे में हम पत्रकारों को निर्भीक होकर अपनी लेखनी का प्रयोग निष्पक्षता के साथ करनी चाहिए ताकि पत्रकारों पर लोगों का विश्वास कायम रहें। इस अवसर पर साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सोन साहित्य संगम के संयोजक राकेश शरण मिश्र, पत्रकारिता के क्षेत्र में भोलानाथ मिश्र, चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ सुधा तिवारी और समाज सेवा के क्षेत्र में सोर्ड एनजीओ की चेयरपर्सन रीना सिंह को माला, अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र, लेखनी एवं डायरी भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं न्यास की ओर से मंचस्थ अतिथियों को भी पुष्पहार, अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। अतिथियों क पुष्प प्रसून से पत्रकार व साहित्यकार राकेश शरण मिश्र ने अभिवादन किया। न्यास के जिलाध्यक्ष राजेश गोस्वामी ने आभार ब्यक्त किया तथा संगोष्ठी का सफल संचालन पत्रकार भोला नाथ मिश्र ने किया। इस मौके पर राजेश पाठक, राजेश द्विवेदी, विवेक पांडेय, दिनेश पांडेय,चिंता पांडेय, नंदकिशोर, ज्ञानदास कनौजिया, रामजी दुबे, मनोज तिवारी, रामानुज धर द्विवेदी, रूपेश नागवंशी, इंदु पांडेय,सुरसरी पांडेय, अनिल कुमार मिश्र, आकाश मिश्र, राजकुमार सिंह, महेश पासवान, संजीव श्रीवास्तव सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

### वरिष्ठ पत्रकार मिथिलेश दिवेदी को जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोन साहित्य संगम के संयोजक राकेश शरण मिश्र एवं उपनिदेशक सुशील कुमार राही और मीडिया फॉर्म ऑफ इंडिया के जिला अध्यक्ष राजेश गोस्वामी और संतोष शर्मा सहित कई अन्य पत्रकार संगठनों द्वारा वरिष्ठ पत्रकार मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी का उनके 74 वें जन्मदिन पर सारस्वत सम्मान करते हुए उनके दीर्घ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गई।

## बीड़र ने जोरमा को अठारह रनों से किया पराजित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। दुद्धी विकास खंड के फुलवार गांव में मंगलवार को



क्रिकेट प्रतियोगिता में शाइनिंग क्रिकेट क्लब बीड़र ने जोरमा की टीम को अठारह रनों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। टास जीतकर बीड़र की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी। टीम ने निर्धारित बारह ओवर में सात विकेट खोकर 157 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए जोरमा की टीम निर्धारित ओवरों में नौ विकेट खोकर 140 रन ही बना सकी। इस तरह बीड़र ने अठारह रनों से मैच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। नौ छक्के एवं एक चौके की मदद से सर्वाधिक 72 रन बनाकर बीड़र के खिलाड़ी राकेश कुमार मैन आफ दी मैच रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने कोन थाने का किया निरीक्षण, दिये दिशा निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने कोन थाने का



वार्षिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान थाने की साफ–सफाई वगैरह अभिलेख शस्त्रागार में रखे हुए शस्त्र को बारीकी से मुआयना की इसके बाद थाने के समस्त स्टाफ संघ की मीटिंग। मीटिंग के दौरान दिये। आवश्यक दिशा निर्देश । वही एसपी के आने की खबर मिलते ही क्षेत्रीय ग्राम प्रधान पहुंचे जिन्होंने चुनाव के दौरान कम से कम लोगों को पुलिस द्वारा पाबंद करने की मांग की वही प्रधानों ने कहा कि जो भी क्षेत्र में अराजक तत्व हैं सिर्फ उन्हें ही पाबंद किया जाए और अनावश्यक रूप से ग्रामीणों को पाबंद न किया जाए जिससे ग्रामीणों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ती हैं।इस मौके पर ग्राम प्रधान बसीउल हसन ,लक्ष्मी जयसवाल, संतोष पासवान, समेत दर्जनों प्रधान एवं समस्त थाना स्टाफ मौजूद रहे।

## प्राइवेट बस व ट्रक में भीषण भिड़ंत के दौरान कई लोग गंभीर रूप से घायल, हॉस्पिटल में भर्ती

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलीगढ़। के महुआ खेड़ा थाना इलाके के धनीपुर एयरपोर्ट के निकट उस वक्त हड़कंप मच गया जब बस प्राइवेट बस व ट्रक







में भीषण भिड़ंत के दौरान 3 दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं दूसरी ओर कई लोगों की मौत की खबर भी सामने आ रही है जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा रेस्क्यू अभियान चलाकर घायलों का इलाज के लिए अलग–अलग हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, एसपी सिटी कुलदीप गुनावत ने जानकारी देते हुए बताया बस एटा की तरफ से आ रही मिनी थी बस में लगभग 4 दर्जन यात्री सवार थे इसी दौरान जैसे ही बस धनीपुर एयरपोर्ट के निकट पहुंची तो ट्रक से भिड़ंत के दौरान बस के परखच्चे उड़ गए इस दौरान चीख–पुकार की आवाजों से पूरा इलाका सहम उठा दर्जनों लोगों के घायल होने की सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा घायलों को अलग–अलग जगह हॉस्पिटल मैं भर्ती कराया गया है वहीं कुछ लोगों की मौत की खबर भी बताई जा रही है फिलहाल पुलिस प्रशासन घायलों को उपचार दिलाने में जुटा हुआ है।

# जिलाधिकारी ने घोरावल ब्लॉक गांवों का किया दौरा जाना कोरोना टीकाकरण का हाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी ने घोरावल क्षेत्र के बिसरेखी और कोहरथा गांव में कोटे की दुकान पर कोविड 19 टीकाकरण का निरीक्षण किया। मंगलवार को टीकाकरण करने वाले कर्मचारी, आशा,ग्राम प्रधान,लेखपाल,सचिव और निगरानी समिति के अन्य सदस्यों की



मौजूदगी में टीकाकरण के कुल लक्ष्य के सापेक्ष प्रथम डोज और द्वितीय डोज के टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी टिके शिबू ने एक आशा द्वारा टीकाकरण में शेष व्यक्तियों की सही संख्या और सही तरीके से अभिलेखीकरण न करने पर कड़ी फटकार लगाई। 2 दिवस में अभिलेख दुरुस्त करवाने हेतु बीपीएम और पंचायत मित्रों और आशा के सहयोग से खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी रमेश कुमार,तहसीलदार सुशील कुमार और नायब तहसीलदार चंद्रशेखर और खंड विकास रमेश यादव को विधानसभा चुनाव में बूथवार भ्रमण के दौरान टीकाकरण की व्यापक समीक्षा करने के कड़े निर्देश दिए। टीकाकरण के लक्ष्य को लेकर लापरवाही बरतने और लक्ष्य के अनुरूप कम लक्ष्य प्राप्त करने वाले वालों केंद्रो के प्रभारियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके आलावा विधान सभा चुनाव को लेकर बूथों का भ्रमण और एएमएफ की अद्यतन स्थिति,पिछले चुनाव में कम वोटर टर्न आउट पर प्रचार प्रसार और स्वीप एक्टिविटी,क्रिटिकल और संवेदनशील बूथों और व्यक्तियों पर कार्यवाही की समीक्षा करते हुए रूट चार्ट,कम्युनिकेशन प्लान के अनुसार पुनर्मूल्यांकन और विशेष बिंदुओं की रिपोर्टिंग, मतदान केंद्रों पर जाने के लिए एरो मार्क और साइनेज, बैरियर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। सूची के अनुसार चुनाव स्थल पर भ्रमण कर चुनाव के लिए पूरी मुस्तैदी के साथ व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही साथ आदर्श आचार संहिता का अनुपालन, सीआरपीएफ और पुलिस फोर्स के साथ एरिया डोमिनेशन और सीओ व थाना प्रभारी के साथ मतदानकेन्द्रों का निरीक्षण करने और पूरे विधान सभा का रोड मैप तैयार करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसडीएम रमेश कुमार, तहसीलदार सुशील कुमार, नायब तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा, खंड विकास अधिकारी रमेश यादव, चिकित्सा अधिकारी व सम्बंधित लेखपाल के आलावा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कोरी समाज के किसी प्रत्याशी को टिकट ना मिलने से कोरी समाज हुआ नाराज

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलीगढ़। सराय गढ़ी श्रोती लाल माहौर के निवास पर एक अति आवश्यक बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता कोरी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश माहौर ने की, जबकि बैठक का संचालन प्रेम नारायण माहौर ने किया । बैठक में समाज के अनेक गणमान्य लोग, व्यापारी, शिक्षक, प्रोफेसर व छात्रों ने भाग लिया और बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पास किया गया की चूंकि कोरी समाज भारतीय जनता पार्टी का परंपरागत वोटर रहा है । पूर्ण श्रद्धा व आस्था से



100: भारतीय जनता पार्टी को वोट देने का काम करता है, परंतु भाजपा की प्रथम व द्वितीय चरण की 107 प्रत्याशियों की लिस्ट में एक भी कोरी समाज के व्यक्ति को टिकट नहीं दी गई है । जिसके कारण समाज में मायूसी के साथ–साथ आक्रोश भी व्याप्त हुआ है । जगदीश माहौर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के तमाम गणमान्य लोगों के फोन आ रहे हैं । भाजपा द्वारा जारी प्रत्याशियों की लिस्ट में कोरी समाज में बड़े पैमाने पर नाराजगी है । पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सभी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के सभी प्रत्याशियों को हराने का काम करेगा । अलीगढ़ के कोरी समाज का एक प्रतिनिधिमंडल सभी जनपदों में घूम घूम कर भाजपा का विरोध करेगा । उन्होंने कहा कि कोरी समाज जब भाजपा को जिताने का काम कर सकता है तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा को खदेड़ने का काम भी कर सकता है । इस बैठक के दौरान मुख्य रूप से सुनील माहौर, गोपेश माहौर, हरिओम माहौर, जीतू माहौर, राजेश माहौर, ब्रजेश माहौर, गोपाल माहौर आदि लोग उपस्थित रहे ।

## थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा 01 किलो 100 ग्राम गांजा के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस उप महानिरीक्षकध्पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र



प्रसाद सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 18.01.2022 को थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त रीकु बियार पुत्र हरि बियार निवासी जमशीला, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र के कब्जे से कुल 01 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया तथा उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 07/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया ।

# परिवार नियोजन के प्रति महिलाओं की बढ़ी दिलचस्पी

## पिछले साल 3229 महिलाओं ने कराई नसबंदी, 5229 ने अपनाया अंतरा

सीतापुर। परिवार नियोजन के प्रति महिलाओं की दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है। बीते एक साल के शानदार आँकड़े इस बात पर मुहर लगाते हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस उपलब्धि का श्रेय परिवार नियोजन के अस्थायी और स्थायी साधनों की आमजन तक आसान हुई पहुंच को मानते हैं। इसके साथ ही इसका श्रेय परिवार नियोजन के प्रति लोगों में बढ़ती समझ और विभागीय कार्य योजनाओं और परिवार नियोजन काउंसलर की कार्य कुशलता को देते हैं। सीएमओ डॉ मधु गैरोला का कहना है कि परिवार नियोजन काउंसलर को समय.समय पर प्रशिक्षण देकर उन्हें और दक्ष बनाने का काम किया जाता है। इसका लाभ बीते साल मिला है।

क्या कहते हैं बीते साल के आंकड़े ...

परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. एसके शाही ने बताया कि बात अगर वर्ष 2021 की करें तो इस साल कुल 3,229 महिलाओं ने परिवार नियोजन के स्थायी साधन को अपनाते हुए नसबंदी की सेवा प्राप्त की। इसके अलावा परिवार नियोजन के त्रैमासिक गर्भ निरोधक साधन अंतरा इंजेक्शन भी 5,229 महिलाओं ने लगवाया है। दो बच्चों के जन्म के बीच अंतर रखने के लिए पीपीआईयूसीडी पोस्टपार्टम इंट्रायूटेराइन कंट्रासेप्टिव डिवाइस महिलाओं के लिए काफी सुरक्षित मानी जाती है। इसे प्रसव के 48 घंटे के अंदर लगाया जाता है। वहीं जरूरत होने पर इसको आसानी से निकलवाया भी जा सकता है। अनचाहे गर्भ से लंबे समय तक मुक्ति चाहने वाली महिलाएं इसे बेहद पसंद करती हैं। बीते वर्ष 13,588 महिलाओं ने इस सेवा का लाभ लिया है। इसके अलावा आईयूसीडी सेवा का लाभ भी 6,834 महिलाओं ने लिया है।

यह है बीते चार साल की प्रगति ...

परिवार नियोजन विशेषज्ञ जावेद खान ने बताया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे 4 वर्ष 2015–16 और राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे 5 वर्ष 2019–20–21 के आंकड़ों के तुलनात्मक अध्ययन से पता चलता है कि इन चाल सालों की अवधि में परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के मामले में 8.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वर्ष 2015–16 में 42.8 प्रतिशत लोगों तक ही इस तरह की सेवाएं पहुंच पा रहीं थीए लेकिन वर्ष 2020.21 में यह आंकड़ा बढ़कर 51०1 प्रतिशत पर पहुंच गया है। बीते चार सालों में कंडोम के उपयोगकर्ताओं की संख्या में 5.7 प्रतिशत की बढाध्तरी हुई है। वर्ष 2015.16 में महज 7.2 प्रतिशत पुरुष ही परिवार नियोजन के इस अस्थायी विधि को अपनाते थे लेकिन वर्ष 2020–21 में 12.9 फीसद पुरुष कंडोम का प्रयोग करने लगे हैं। गर्भ निरोधक साधनों के रूप में प्रयुक्त की जाने वाली गोलियों की उपयोगकर्ताओं महिलाओं की संख्या में भी 0.2 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वर्ष 2015.16 में महज 1.4 प्रतिशत महिलाएं ही इन गोलियों का प्रयोग करती थीं लेकिन वर्ष 2020–21 में यह आंकड़ा बढ़कर 1.6 प्रतिशत पर पहुंच गया है। पीपीआईयूसीडी पोस्ट पार्टम इंट्रायूटेराइन कंट्रासेप्टिव डिवाइस के आंकड़ों में भी बीते चार सालों में 0.3 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वर्ष 2015–16 में महज 0.8 प्रतिशत महिलाएं ही परिवार नियोजन की इस अस्थायी विधि को अपनाती थीए लेकिन वर्ष 2020.21 में यह आंकड़ा बढ़कर 1.1 प्रतिशत हो गया है।

# व्यक्ति को अपने जीवन में 5 नियमों को अपनाना चाहिए : विमर्श सागर जी

सीतापुर। जैन समाज के भाव लिंगी संत आचार्य विमर्श सागर जी महाराज ने आज सिधौली कस्बा के गोविंद नगर स्थित जैन मंदिर में अपने प्रवास के चौथे दिन जैन समाज के लोगों को प्रवचन में कहा व्यक्ति को अपने जीवन में 5 नियमों को अपनाना चाहिए। जिसमें जीवों पर दया करना शाकाहारी भोजन करना किसी भी पराई वस्तु पर गलत निगाह न रखना किसी भी मनुष्य से द्वेष भावना न रखना और ईश्वर में श्रद्धा रखना चाहिए। उन्होंने अपने प्रवचन में लोगों को सत्कर्म का सदमार्ग दिखाते हुए जीवन जीने की सलाह दी। जिनागम पंथी भाव लिंगी संत आचार्य विमर्श सागर बीते 3 दिन पूर्व सिधौली कस्बा में महमूदाबाद से अपने लगभग 40 शिष्यों के साथ पैदल पहुंचे थे। जैन समाज के लोगों द्वारा उनका भव्य स्वागत सत्कार किया गया था और उसके उपरांत कस्बा के गोविंद नगर स्थित जैन मंदिर में उनका बीते 3 दिन से लगातार प्रवास चल रहा है और प्रवास के दौरान वह लोगों को प्रतिदिन उपदेश देते हैं।

आदि सन्मति सुनील प्रचार मंच के दीपक जैन, शुभम जैन, अरविंद जैन, राजकुमार जैन, शुभम जैन, विजय कुमार जैन, हिमांशु जैन आदि ने बताया की 21वीं सदी के प्रथम आचार्य श्री आदि सागर जी महाराज की परंपरा के युवा हृदय सम्राट व प्रखर वक्ता आचार्य विमर्श सागर जी महाराज के आगमन से सिधौली क्षेत्र के जैन समाज के लोग अपने आप को काफी पुलकित महसूस कर रहे हैं। लगातार उनके सानिध्य का सौभाग्य जैन समाज के लोगों को मिल रहा है। जिससे उन्हें अपने जैन समाज की गहराइयों की भी जानकारी मिल रही है। अपने प्रवचन में उनके द्वारा कहीं गई हर बात को वह अपने जीवन में उतारने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर जैन समाज की संजय जैन, मुकेश जैन, मनोज जैन, राकेश जैन, पारस जैन, सरिता जैन, पुष्पा जैन, शशी जैन, स्नेहलता जैन, श्वेता जैन, नेहा जैन सहित समाज की सभी महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

# विनर रनर की भूमिका निभाने वाले आज टिकट को लेकर आमने सामने

सीतापुर। कभी अलग अलग दलों में रहकर चुनाव लड़ विनर और रनर की भूमिका निभाने वाले आज एक ही दल में आकर टिकट के लिए आमने सामने हैं। एक तरफ पार्टी अपने पुराने नेता को भी छोडना नहीं चाहती तो दूसरी ओर सत्ताधारी दल को छोड़ पार्टी में शामिल हुए विधायक को भी अपने पाले में बनाए रखना चाहती है। ऐसी असमंजस की दशा में दोनों ही जनता के बीच हैं। पार्टी ने दोनों को मैदान में बने रहने के निर्देश तो दिए हैं पर भरोसा किस पर करती है किसे नाराज करती है यह अभी भविष्य के गर्भ में है। बात सीतापुर विधानसभा क्षेत्र की चल रही है। जहां समाजवादी पार्टी से चार बार विधायक रहे राधेश्याम जायसवाल और अभी हाल ही भाजपा को छोड़ सपा में शामिल हुए विधायक राकेश राठौर के बीच वर्षो से चली आ रही राजनैतिक प्रतिद्वदंता किसी से छिपी नहीं है। राजनीति के यह दोनों पुराने दुश्मन आज एक ही दल में हैं और दोनों ने ही पार्टी से विधान सभा का टिकट पाने की प्रबल दावेदारी ठोंक रखी है।

दोनों का चुनावी दौरा जोरो परः सपा से चार बार विधायक रहे राधेश्याम जायसवाल और उन्हे पटखनी दे भाजपा से विधायक बने राकेश राठौर दोनों ही सपा से टिकट को लेकर आश्वस्त हैं। दोनों का चुनावी दौरा भी जोरों पर है और जनता के बीच जाकर आने वाले समय में अपने पक्ष में मतदान करने की अपील भी कर रहे हैं। पार्टी सूत्रों की माने तो राधेश्याम जायसवाल समाजवादी पार्टी के पुराने व कद्दावर नेता है उन्हे पार्टी ऐसे नहीं छोड़ सकती तो दूसरी ओर राकेश राठौर के समर्थक मानते ही कि विधायक जी टिकट मिलने की शर्त पर ही समाजवादी पार्टी के खेमे में शामिल हुए और उनको टिकट मिलना लगभग तय है।

2007 के चुनाव में राधे से हारे थे राकेशः वर्ष 2007 में विधान सभा चुनाव के लिए बसपा से राकेश राठौर प्रत्याशी के रूप में सीतापुर विधान सभा सीट पर अपनी जीत पक्की करने के लिए से सपा के लगातार दो बार विधायक रहे राधेश्याम जायसवाल के विरूद्ध समर में ताल ठोंक रखी थी। इस दौरान विधान सभा चुनाव से पहले सम्पन्न हुए नगर निकाय के चुनाव में नगर पालिका परिषद सीतापुर के चेयरमैन पद के लिए भी सपा से राधेश्याम जायसवाल ने पर्चा भरा था। राधेश्याम को चारों खाने चित करने का सुनहरा अवसर देख राकेश राठौर ने बसपा पार्टी से हटकर नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस से चेयरमैन पद के प्रत्याशी आशीश मिश्र की मद्द में आ गए और खुलकर उनकी हर सम्भव मद्द कर इस चुनाव में राधेश्याम जायवाल को हराने में सफल रहे। नगर निकाय का चुनाव हराकर बुलन्द हौसलों के साथ राकेश राठौर ने दो बार से विधायक रहे राधेश्याम जायसवाल के सामने विधान सभा चुनाव में कड़ी टक्कर दी। लगभग अपनी जीत सुनिश्चित होने का दावा करने वाले राकेश राठौर को आखिरकार मूकी खानी पड़ी और बहुत कम 1867 वोटों से उन्हे हार का सामना करना पड़ा और तीसरी बार राधेश्याम जायसवाल इस सीट से विधायक चुने गये। 2017 में लिया हार का बदलाः चुनाव हारने के बाद राजनीति से लगभग दूर हो चुके राकेश राठौर वर्ष 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में एक बार फिर सपा से चार बार विधायक रहे राधेश्याम जायसवाल के आमने सामने थे। लेकिन चुनावी परिदृश्य बदला हुआ था इस बार राकेश राठौर भाजपा के टिकट पर चुनावी मैदान में थे। भाजपा के बने माहौल पर वह अपने राजनैतिक प्रतिद्वंदी को हराने में सफल रहे। उन्होंने वर्ष 2007 की हार का बदला राधेश्याम जायसवाल को 24839 वोटों से हराकर लिया। भाजपा से असंतुष्ट विधायक रहे चर्चा मेंः विधायक बनने के बाद सरकार की कार्यशैली से आहत राकेश राठौर काफी चर्चा में रहे। भाजपा से विधायक बने राकेश राठौर ने प्रशासन और पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाने शुरू कर दिए। यही नहीं शासन द्वारा अधिकारियों की कमियां बताने के बावजूद जब काई कार्यवाही नहीं हुई तो उन्होंने सरकार और पार्टी के विरूद्ध ही बिगुल फूंक दिया। पार्टी के किसी कार्यक्रम में न जाना कभी सरकार के विरूद्ध तो कभी राम चरित मानस के रचयिता महाकवि तुलसी दास के विरूद्ध कड़वे बोल बोलने वाले विधायक के आडियो भी खूब वायरल हुए जो हमेशा उन्हे चर्चा में बनाए रखता था।

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने किसानों को वितरित किए अंग वस्त्र : मनोज मिश्रा

नेरी,सीतापुर। तहसील महोली के अंतर्गत पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा ने अपने क्षेत्र के गन्ना सेंटरों पर तथा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में जाकर किसानों व बुजुर्ग लोगों को अंग वस्त्र तथा खिचड़ी वितरित की। वहीं क्षेत्र के प्रत्येक गन्ना सेंटरों पर जाकर वहां मौके पर उपस्थित किसानों को अंग वस्त्र दिया। जिससे क्षेत्र के बुजुर्ग व गन्ना सेंटरों पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा की काफी लोग सराहना कर रहे हैं।

## कैदियों को वितरित किए गये चश्मे

सीतापुर। अन्नपूर्णा सेवा संस्थान ने मदरसा शिक्षक मास्टर मोहम्मद आदिल के सहयोग से जिला जेल के कैदियों को निरूशुल्क चश्मे वितरित किए। ज्ञात हो कि विगत दिनों अन्नपूर्णा सेवा संस्थान व रेखा दृष्टि आई केयर के संयुक्त तत्वाधान में कैंप लगाकर बंदियों का नेत्र परीक्षण किया गया था। परीक्षण के दौरान डॉक्टरों के द्वारा जिन बंदियों को चश्मे की आवश्यकता बताई गई थी। उनके लिए शिक्षक मास्टर मोहम्मद आदिल ने अपने पिता स्वर्गीय मोहम्मद अनीस खां की स्मृति में निरूशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए। जिनका वितरण संस्थान अध्यक्ष नवीन द्विवेदी व जिला जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर अभय श्रीवास्तव, यासीन इब्ने उमर, मास्टर मोहम्मद आदिल, लोकेंद्र व जेल प्रशासन के लोग उपस्थित रहे।

## समरसता भोज का आयोजन

संदना,सीतापुर। मकर संक्रांति के मौके पर कोरौना गांव में पत्रकार आलोक कुमार त्रिवेदी के पैतृक आवास पर दोपहर समरसता खिचड़ी तहड़ी भोज का आयोजन किया गया। जिसमें धीरेन्द्र प्रताप सिंह, विवेक सिंह, राजेन्द्र कुमार सिंह, चंद्रभान सिंह, अखिलेश मिश्रा, धर्मेन्द्र भारती, अरुण कुमार, सुनील कुमार आंनद, सुनील गुप्ता, मदन पाल सिंह, योगेश पांडेय, शुभम, राजेन्द्र अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर वरिष्ठ पत्रकार कमाल खान की असमय निधन होने पर शोकसभा भी हुई। जिसमें दो मिनट का मौन रखा गया।

## कांग्रेस प्रत्याशी शमीना शफीक वार्डो में घर घर जाकर किया जनसंपर्क

सीतापुर। कांग्रेस प्रत्याशी शमीना शफीकए शहर अध्यक्ष संतोष भार्गव और बट्सगंज वार्ड अध्यक्ष अजय पटेल के साथ सीतापुर शहर के वार्ड बट्सगंज के अंतर्गत आने वाले मोहल्लों बट्सगंज व रानीकोठी में चुनाव आयोग व कोरोना नियमों का पालन करते हुए घर घर पहुंचकर कांग्रेस पार्टी की प्रतिज्ञाओं की जानकारी व वर्तमान सरकार की विफलताओं के संबंध में चर्चा की तथा कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। शहर कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष उपदेश गुप्ता, उपाध्यक्ष नीतू श्रीवास्तव, महासचिव पियूष मिश्रा, सचिव सर्वेश सिंह आदि कार्यकर्ता शामिल हुए।

## पानी में डूबे अधेड़ की मौत

रेउसा,सीतापुर। थाना क्षेत्र में खेत की रखवाली करने जा रहे पति पत्नी नदी पार कर रहे थे। नाव का संतुलन बिगडने से एक अधेड़ युवक डूबने लगा पत्नी की चीख–पुकार सुनकर आस पड़ोस के ग्रामीणों ने दौड़कर उसको नदी से बाहर निकाला। सीएचसी में समय पर उपचार न मिलने के कारण उसकी मौत हो गई। मृतक आरिफ 50 पुत्र छोटान उर्फ पुत्तू निवासी भेरी कोडरी थाना रेउसा अपनी पत्नी सकीना के साथ चौका नदी पार खेत एवं जानवर की देखरेख करने के लिए नाव पर सवार होकर जा रहे थे। खनुवापुर स्थित चौका नदी से राकेश कुमार राजपूत निकाल कर अपनी मोटरसाइकिल से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोने बिलखने की आवाज गूंजने लगी। आस–पड़ोस के ग्रामीण पहुंच गए हैं। परिजनों व ग्रामीणों ने बताया डॉक्टर की घोर पर लापरवाही के चलते अधेड़ युवक मौत हो गई।

## शारदा नहर में मिला अज्ञात युवती का शव

हरदोई।कोतवाली क्षेत्र के ऊंचागांव ग्राम के निकट से निकली शारदा नहर में इस समय पानी नहीं है। कहीं कही पर खाली स्थान पर पानी भरा हुआ है।. दोपहर बाद नहर में ग्रामीणों ने महिला का शव देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को बाहर निलवाया इस दौरान ग्रामीणों की मौके पर भीड़ लग गई। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने चौकीदार रामऔतार की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है । कोतवाल सुनील कुमार सिंह ने बताया कि शव करीब 7 से 8 दिन पुराना है। मृतका की उम्र करीब 35 वर्ष के आसपास है। मृतका नीला स्वेटर लाल कपड़े पहने है।

## कोविड-19 टीकाकरण कराये जाने में सहयोग न करने वाले स्ववित्तपोषित विद्यालयों की मान्यता प्रत्याहरण की संस्तुति की गईः-वीके दुबे

हरदोई।जिला विद्यालय निरीक्षक वीके दुबे ने बताया है कि ब्लाक नोडल अधिकारी विकास खण्ड कछौना, हरदोई की आख्या 17 जनवरी 2022 तथा इस आख्या पर तहसील नोडल अधिकारी तहसील सण्डीला हरदोई की संस्तुति के आधार पर आर० एस० पी० हाईस्कूल गौसगंज, आदर्श ग्रामीण जनता हाईस्कूल तेरवा गौसगंज, श्री कन्हैया लाल आर0बी0 इण्टर कालेजा हथौडा, अनिल शिक्षण संस्थान इण्टर कालेज, कलौली, पटेल सुमित्रा इण्टर कालेज बालामऊ, जेपीआर हायर सेकेण्ड्री स्कूल लक्ष्मणखेडा गौरी फखरूददीन खजोहना तथा डा कुर्बान अली इ का खजोहना सण्डीला द्वारा उनमें अध्ययनरत् 15 से 18 वर्ष के छात्रध्छात्राओं का कोविड–19 टीकाकरण कराये जाने में सहयोग नहीं किया जा रहा है, जबकि इस सम्बन्ध में पूर्व में कई बार निर्देशित किया जा चुका है। अतः कोविड–19 टीकाकरण के राष्ट्रीय कार्यकम में असहयोग किये जाने के कारण इन स्ववित्तपोषित विद्यालयों की मान्यता प्रत्याहरण की संस्तुति की जाती है।

## सीडीओ ने सीएचसी हरपालपुर में टीकाकरण का लिया जायजा

हरदोई।मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरपालपुर में 15 से 18 उम्र के युवक व युवतियों के वैक्सीनेशन महाअभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान वैक्सीनेशन कर्मियों की कमरे में कोई कर्मचारी मौके पर मौजूद नहीं मिला व फीडिंग कम होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने हरपालपुर विकासखंड के ,ककरा रानीखेड़ा के वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण किया। सीडीओ आकांक्षा राणा ने बताया कोविड–19 टीकाकरण कराने के लिए लोगों को जागरूक किया गया है सीएचसी पर ब्लॉक से वैक्सीनेशन फीडिंग के लिए पंचायत सहायक लगाए गए हैं जिस दिन टीकाकरण हो,उसी दिन सेटिंग कर दी जाए। पुरानी सीटिंग को भी समय से फीड किया जाए वोटर लिस्ट में जो सर्वे हुआ है ,वहां आशा के पास नहीं था जिसको लेकर चिकित्सा अधीक्षक को वोटर लिस्ट आशा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। सबको ओरिजिनल वोटर लिस्ट की कॉपी उपलब्ध कराई जाए,जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों के वैक्सीनेशन हो सकेगा। पुरानी फीडिंग को जल्द फीड कराने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी हरपालपुर डॉक्टर संतोष वर्मा,सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर अमित कुमार मौजूद रहे। हरपालपुर ब्लाक की वैक्सीनेशन के लिए नोडल अफसर बनाई गई समाज कल्याण अधिकारी राजमती ने कस्बे के विजय शंकर इंटर कॉलेज खसौरा, पलिया सेंटर पर पहुंचकर वैक्सीनेशन कार्यों की जानकारी ली।

# जनपद में अब तक कुल 22262 गोवंश संरक्षित किए जा चुके हैःजेएन पाण्डेय

हरदोई।मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी जेएन पाण्डेय ने बताया है कि जनपद में निराश्रितध्बेसहारा गोवंशों के संरक्षण हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में 109 अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल, 04 वृहद गो संरक्षण केन्द्र संचालित है तथा शहरी क्षेत्रों में 11 अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल, 02 कान्हा गोवंश आश्रय स्थल व 05 कांजी हाउस संचालित है। मा० मुख्यमंत्री निराश्रितध्बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के अन्तर्गत अब तक 3274 गोवंशों को कृषकोंध्पशुपालकों को सुपुर्द किया गया है। उक्त के अतिरिक्त जनपद में 13 पंजीकृत गोशाला संचालित है। इस प्रकार जनपद में कुल 22262 निराश्रितध्बेसहारा गोवंश संरक्षित है। उन्होंने बताया है कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में निराश्रितध्बेसहारा गोवंश के संरक्षण हेतु 01 जनवरी, 2022 से 16 जनवरी 2022 तक अभियान चलाकर जनपद में कुल 5996 अतिरिक्त निराश्रितध्बेसहारा गोवंशों को अस्थाई गोवंश आश्रय स्थलों एवं अस्थाई पशुवाड़ों में संरक्षित किया गया है। इस प्रकार जनपद में अब कुल 22262 गोवंश संरक्षित किए जा चुके है। निराश्रितध्बेसहारा गोवंशों के संरक्षण हेतु संचालित कुल 113 स्थाईध्अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल में से 90 गोवंश आश्रय स्थलों में 50 गोवंशों की क्षमता का एक अतिरिक्त टीनशेड बनाया गया है। जनपद में प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर अस्थाई पशुवाड़ों का निर्माण किया जा रहा है। शेष निराश्रितध्बेसहारा पशुओं के संरक्षण हेतु अतिरिक्त कुल 78 गोवंश आश्रय स्थल के निर्माण हेतु स्थान चिन्हित कर निर्माण की कार्यवाही की जा रही है। साथ ही यह भी संज्ञान में आया है कि जनपद में पशुपालकों द्वारा अपने पालतू गोवंशों को छोड दिया जा रहा है। इस हेतु समस्त खण्ड विकास अधिकारियों, पशु चिकित्सा अधिकारियों व संबन्धित ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान को निर्देशित किया गया है कि ऐसे पशुपालक जिनके द्वारा अपने पालतू गोवंशों को छोड़ा जा रहा है, उनको चिन्हित कर, उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। इस क्रम में 05 व्यक्तियों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की गयी है।

# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाः प्रतिमा वर्मा

हरदोई।14 जनवरी 2022 को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की तरफ से जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र,हरदोई के आदेशानुसार ब्लॉक हरियावा में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामोदय महाविद्यालय डिघिया जिला हरदोई में कराया गया । इस प्रतियोगिता में लगभग 30 ग्रामों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया । इस प्रतियोगिता में 100 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, 1600 मीटर रेस,कबड्डी, वालीवाल, लंबी कूद का आयोजन कराया गया। 14 जनवरी 2022 को 100 मीटर रेस में प्रथम श्रेणी में अविनाश पुत्र संजय, द्वितीय श्रेणी में कुलदीप, तृतीय श्रेणी में राजलू गुप्ता पुत्र फूलचंद ने विजय प्राप्त की। 400 मीटर रेस में प्रथम श्रेणी में हिमांशु पुत्र महेंद्र पाल, द्वितीय श्रेणी में विवेक कुमार पुत्र राजकुमार, तृतीय श्रेणी में अविनाश पुत्र संजय ने विजय प्राप्त की 1600 मीटर रेस में अमन शर्मा पुत्र विमलेश शर्मा प्रथम श्रेणी, में शोभित पुत्र संत पाल द्वितीय श्रेणी, में अनिल गुप्ता पुत्र दयाशंकर गुप्ता तृतीय श्रेणी में विजय प्राप्त की लंबी कूद में देवेंद्र पुत्र प्रेम प्रथम श्रेणी, में प्रतीक पुत्र दिलीप द्वितीय श्रेणी, में अरविंद पुत्र सोबरन तृतीय श्रेणी में विजय प्राप्त की कबड्डी में पहला मैच टीम विजगवा और टीम डिघिया के मध्य हुआ जिसमें टीम डिघिया विजई हुई 15 जनवरी को वालीबाल मैच का पहला मुकाबला टीम विजगवा और टीम कोट के मध्य हुआ जिसमें टीम कोट विजई हुई दूसरा मुकाबला टीम डिघिया और टीम संधिनवा के मध्य हुआ जिसमें टीम संधिनवा विजई हुई दिनांक 16–01–2022 को वॉलीबॉल का फाइनल मैच टीम कोट और टीम संधीनवा के मध्य हुआ जिसमें टीम संधीनवा विजई हुई सभी विजई खिलाड़ियों को नेहरू युवा केंद्र जिला हरदोई की तरफ से जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे )अश्विनी कुमार मिश्र एवं भवानी प्रसाद शर्मा ने शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया इस ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भवानी प्रसाद शर्मा द्वारा कराया गया।

## टीकाकरण अवश्य करा लें तथा कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करते रहेंःजिलाधिकारी

हरदोई।जिलाधिकारी अविनाश कुमार द्वारा शाहाबाद एवं भरखनी ब्लाक के कोविड–19 टीकाकरण कैम्पों का निरीक्षण किया गया। शाहाबाद ब्लाक के उधरनपुर गांव मे लगे टीकाकरण कैम्प के निरीक्षण के दौरान टीकाकरण की खराब प्रगति पाये जाने पर जिलाधिकारी ने सेक्रेटरी, पंचायत सहायक, आशा व आंगनबाडी को कड़ी फटकार लगायी और लोगों को प्रेरित कर टीकाकरण की गति बढाने के निर्देश दिये। तत्पश्चात शाहाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुचकर टीकाकरण की प्रगति की जानकारी ली। इसके बाद जिलाधिकारी ने भरखनी ब्लाक के निजामपुर मे लगे टीकाकरण कैम्प का निरीक्षण किया। गांव मे टीकाकरण की प्रगति संतोषजनक पाये जाने पर स्टाफ की सराहना की। आशा का कार्य सराहनीय पाये जाने तथा रजिस्टर मे अच्छी तरह से डू लिस्ट बने होने के कारण तीनों आशाओं को प्रशस्ति पत्र देने की घोषणा की। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पाली पहुचकर फीडिंग की स्थिति देखी और फार्मासिस्ट कक्ष मे स्टाक रजिस्टर चेक किया। दस्तावेज व्यवस्थित न होने के कारण डॉक्टर व फार्मासिस्ट के विरूद्व कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल मे कोविड टेस्टिंग का कार्य भी देखा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने टीकाकरण की प्रथम डोज ले ली है और उनकी दूसरी डोज ड्यू है वे समय पर लगवा ले और जिन लोगों ने अभी तक एक भी डोज नही ली है वे भी टीकाकरण अवश्य करा ले।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर, 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः– राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# टमाटर के रोजोना उपयोग से बदल जाएगे आपके चेहरे का रंगत



आप जब कभी भी अपने चेहरे को पर ब्लीचिंग कराते हैं तो आपका चेहरा चमकने लगता है, इसका प्रमुख कारण बाजार का यूज करा हुआ प्रोडक्ट हैं, लेकिन इस ब्लीचिंग से आपके चेहरे को वो चमक नहीं मिल पाती हैं, जो आपक चाहते हैं। तो आप क्यों नहीं एक बार नेचुरल ब्लीच अपनाते, यकिन मानिए आपका चेहरा दमक उठेगा। आब सोच रहे होंगे कि यह कैसे बनेगा तो हम आपके लिए लाए हैं नेचुरल ब्लीच, जिसे आप घर पर बनाकर लगा सकते हैं।

हम साब मानते है कि एक टमाटर एंजाइम से भरपूर होता है और इस चेहरे पर इसेत्माल करने से बहुत फायदा होता हैं, टमाटर में मौजूद एंजाइम जो एक्सफोलिएटर का काम करते हैं। वे मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाने में मदद करते हैं। त्वचा के तेल को कम करने और त्वचा की देखभाल के लिए टमाटर बहुत फायदेमंद होता है। अगर आपकी तैलीय त्वचा या मुंहासे हैं तो टमाटर आपकी त्वचा के लिए अच्छा है।

घर का बना टमाटर ब्लीच

–टमाटर –हल्दी –ग्लिसरीन टमाटर ब्लीच पकाने की विधि –टमाटर को धोकर, आधा काट कर पल्प निकाल लें.

–अगर चमचे से मसलना मुश्किल हो तो मिक्सर में पीस लें.

–जिस बर्तन में टमाटर का गूदा निकाला जाता है उसमें एक चौथाई चम्मच हल्दी मिलाएं.

–एक चम्मच ग्लिसरीन को अच्छी तरह मिला लें.

–इन तीनों चीजों को अच्छी तरह मिला लें और एक महीन पानी जैसा ब्लीच बन जाएगा.

ब्लीच का उपयोग

–इस ब्लीच को लगाने से पहले अपने चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें।

–इससे चेहरे से अतिरिक्त धूल और अतिरिक्त तेल निकल जाता है।

–त्वचा के रोमछिद्रों को साफ करें और ब्लीच का अच्छा असर हो सकता है।

–अब इस ब्लीच को चेहरे पर 20 मिनट के लिए लगाएं और फिर धो लें।

टमाटर ब्लीच के फायदे रू–

यह होममेड नेचुरल ब्लीच आपकी त्वचा को सिर्फ 20 मिनट में चमका देगा। इस ब्लीच का इस्तेमाल आप हफ्ते में तीन बार त्वचा को चमकदार और साफ करने के लिए कर सकते हैं।

## सेफ्टी पिन पर टिका नेहा शर्मा का टॉप, कैमरे के सामने काउच पर लेटकर दिए किलर पोज

बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा सोशल मीडिया पर अपनी बोल्डनेस को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहती हैं. वह अक्सर अपने फोटोशूट की तस्वीरें और वीडियो फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं, जिसे



काफी पसंद किया जाता है. अब नेहा शर्मा ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना एक वीडियो पोस्ट किया है, जो इंटरनेट पर तहलका मचा रहा है. नेहा शर्मा बोल्ड अंदाज में फोटोशूट कराती नजर आ रही हैं. इस दौरान वह लेदर टॉप और मैचिंग कलर की पैंट पहने नजर आ रही हैं, जिसमें वह बेहद बोल्ड और ग्लैमरस लग रही हैं। नेहा के इस अंदाज से फैंस के होश उड़ गए हैं और वे बार–बार वीडियो देख रहे हैं. वीडियो में नेहा शर्मा कभी सोफे पर लेट रही हैं तो कभी बैठकर फोटोशूट करवा रही हैं. इस दौरान फैंस का ध्यान उनके टॉप पर गया, जिसे उन्होंने सेफ्टी पिन की मदद से रखा है. फोटोशूट के लिए नेहा ने अपने बालों को खुला रखा है और मैचिंग कलर की हील्स पहनी हुई है जो उनके लुक को कम्पलीट कर रही है. नेहा के इस वीडियो को जमकर लाइक और शेयर किया जा रहा है. बता दें कि नेहा शर्मा बिहार की रहने वाली हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा माउंट कार्मेल स्कूल, भागलपुर से पूरी की। इसके बाद, उन्होंने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) से फैशन डिजाइनिंग का कोर्स किया, लेकिन जब उन्हें अभिनय में दिलचस्पी हुई, तो उन्होंने बॉलीवुड में अपनी किस्मत आजमाने का फैसला किया। नेहा ने अब तक कई फिल्मों में काम किया है जिनमें क्रूक, क्या सुपर कूल हैं हम, यंगिस्तान, यमला पगला दीवाना, तुम बिन 2, मुबारकां शामिल हैं। नेहा को आखिरी बार अजय देवगन और सैफ अली खान की फिल्म तानाजीरू द अनसंग वॉरियर में देखा गया था जिसमें उनके काम को खूब सराहा गया था।

# मिशन फ्रंटलाइन से ओटीटी डेब्यू करेंगे रोहित शेट्टी, 20 जनवरी को होगा प्रसारण



रोहित शेट्टी की हालिया रिलीज हुई फिल्म सूर्यवंशी ने बॉक्स ऑफिस पर खोई रौनक वापस लौटा दी थी। कोरोना वायरस की महामारी में भी इस फिल्म ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ फिल्म में लीड रोल में थे। अब थिएटर में दर्शकों का प्यार हासिल करने के बाद रोहित मिशन फ्रंटलाइन से इज्जज्ज प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू करेंगे। इस शो का प्रसारण 20 जनवरी को डिस्कवरी प्लस पर होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित टीवी सीरीज मिशन फ्रंटलाइन से ओटीटी पर अपना पदार्पण करेंगे। यह शो सीमाओं पर तैनात सशस्त्र बलों के जीवन पर प्रकाश डालता है। सशस्त्र बलों के जीवन की कहानियों को इस शो के जरिए प्रस्तुत किया जाता है। रोहित एक स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप के सिपाही के रूप में कदम रखेंगे और अनुभव करेंगे कि यूनिट कैसे रहती है। कठिन स्थानों पर जवानों की पोस्टिंग को भी दिखाया जाएगा। रोहित के इस शो को श्रीनगर और उसके आसपास के स्थानों पर शूट किया गया है। कुणाल कोचर इस शो के निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं। वह भी रोहित की खूबियों से भलिभांति परिचित हैं। उन्होंने कहा कि रोहित एक्शन के पर्याय हैं और उनका कोई मुकाबला नहीं है। कुणाल ने कहा, रोहित की फिल्में देशभक्ति, साहस और जोश को दर्शाती हैं और मिशन फ्रंटलाइन के लिए उनसे बेहतर फिट कोई नहीं हो सकता। इस शो को लेकर अपना अनुभव साझा करते हुए निर्देशक कुणाल ने कहा, विशेष यूनिट के साथ श्रीनगर के सुरम्य इलाकों में शूटिंग करना एक बिल्कुल असली अनुभव था और रोहित की उपस्थिति ने इसमें बहुत ऊर्जा जोड़ दी। रोहित को बिल्कुल अलग किरदार में देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। हमें यकीन है कि दर्शकों को शो देखने में मजा आएगा। इससे पहले रोहित स्टंट शो खतरों के खिलाड़ी को होस्ट कर चुके हैं। मिशन फ्रंटलाइन में सारा अली खान भी नजर आ चुकी हैं। इस शो से उनके लुक को खूब पसंद किया गया था। इसमें सारा को असम में वीरांगना फोर्स बनकर एक्शन करते हुए दिखाया गया था। राणा दग्गुबाती भी शो में दिख चुके हैं। रोहित ने निर्देशक के तौर पर 2003 में आई जमीन से करियर शुरू किया था। उन्होंने गोलमाल सीरीज, सिंघम सीरीज, सिम्बा और चेन्नई एक्सप्रेस जैसी कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। फिलहाल वह रणवीर सिंह के साथ अपनी अगली फिल्म सर्कस पर काम कर रहे हैं। वह इन दिनों अपनी पहली वेब सीरीज को लेकर भी चर्चा में हैं। रोहित अपनी यह सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो के लिए बना रहे हैं और इसका प्रसारण भी अमेजन प्राइम पर ही होगा।

## मर्दानी–2 के बाद वेब सीरीज ह्यूमन में नजर आएँगे विशाल जेठवा



रानी मुखर्जी की मूवी मर्दानी 2 में एक सनकी और सिरफिरे विलेन का किरदार निभाकर चर्चा में आये युवा कलाकार विशाल जेठवा अब डिज्नी प्लस हॉटस्टार की वेब सीरीज ह्यूमन में एक खास रोल में नजर आने वाले है। दवाओं के मानवीय परीक्षण में होने वाले काले धंधे पर आधारित वेब सीरीज का निर्माण–निर्देशन विपुल अमृतलाल शाह के द्वारा किया जा रहा है, जबकि मोजेज सिंह के साथ मिलकर उन्होंने निर्देशन भी कर दिया है। इन दोनों के निर्देशकों के साथ काम करने का अनुभव विशाल ने शेयर कर दिया है। विशाल ने कहा है कि, मर्दानी 2 में गोपी सर के साथ काम करने के उपरांत मुझे लगा था कि कोई और अच्छा निर्देशक नहीं है, लेकिन जब मैंने विपुल सर के साथ कार्य किया तो मुझे एहसास हुआ कि उनके साथ काम करना कितना सरल होता है और ना केवल विपुल बल्कि मोजेज सर के साथ भी हुआ। मुझे इन दोनों निर्देशकों का कॉम्बिनेशन बहुत ही भाया है, क्योंकि जहां प्रैक्टिकेलिटी की आवश्यकता है, वहां विपुल सर हैं और जहां इमोशंस की आवश्यकता है, वहां मोजेज सर हैं। इसलिए मुझे बाइफर्केशन पसंद आया, क्योंकि ह्यूमन के शुरुआती 2 से तीन एपिसोड विपुल सर ने निर्देशित कर चुके है, और मोजेज सर ने अन्य 5 एपिसोड्स का निर्देशन भी कर चुके है। इसलिए, मुझे यह कॉम्बिनेशन बहुत ही प्यारा लगा, जहां मुझे इससे जुड़े कुछ नियमों पर भी टिप्पणी भी करना शुरू कर देते है। वहीं, सीरीज इससे जुड़े कुछ नियमों पर भी टिप्पणी भी करना शुरू कर देते है। ह्यूमन 14 जनवरी को प्लेटफॉर्म पर रिलीज की जाने वाली है। सीरीज में शेफाली शाह, कीर्ति कुल्हरी और विशाल जेठवा के साथ राम कपूर, सीमा बिस्वास, आदित्य श्रीवास्तव और मोहन अगाशे जैसे बेहतरीन कलाकार विभिन्न भूमिकाओं में दिखाई देने वाले है।

# सर्दियों में बार–बार हो रही है खांसी तो अपनाए यह घरेलू उपाय, जल्द मिलेंगे राहत



दुनियाभर के लोग इन दिनों कोरोना संक्रमण से बचने के उपायों को खोज रहे हैं। ऐसे में इन उपायों के बीच जब लोगों को सर्दी–खांसी हो जाए तो लोग परेशान हो जाते हैं और घरेलु उपाय खोजने लगते हैं। अब आज हम आपको कुछ घरेलू उपाय बताने जा रहे हैं जिन्हे अपनाकर आप खांसी से छुटकारा पा सकते हैं। आइए बताते हैं।

खांसी के कारण–

वायरल संक्रमण के कारण

सर्दी या फ्लू के कारण

प्रदूषण और धूल–मिट्टी से युक्त वातावरण के कारण।

अधिक धूम्रपान करने के कारण।

टीबी या दमा रोग होने के कारण।

खांसी के घरेलू उपाय– ' सूखी खांसी में शहद बहुत ही लाभदायक होता है। एक चम्मच शहद को गर्म दूध में मिलाकर पिएं। ' तुलसी की पत्तियों को पानी में उबालकर काढ़ा बनाकर पिएं। इससे आपको राहत मिलेगी। ' तुलसी की पत्तियों का रस, एवं अदरक के रस के साथ मिलाकर शहद के साथ खाएं। ' खांसी के लिए एक चम्मच अदरक के रस को शहद के साथ चाट लें। ' आधा चम्मच प्याज का रस, और एक चम्मच शहद मिलाकर दिन में दो बार लेने से खांसी में आराम मिलता है। ' गिलोय के रस को रोज सुबह–शाम खाली पेट पीने से पुरानी खांसी भी ठीक हो जाती है। ' अनार के छिलकों को सुखा लें। उसके बाद एक–एक टुकड़ा मुंह में रखकर चूसते रहें। क्योंकि इससे सूखी खांसी में बहुत लाभ मिलता है। ' कफ वाली खांसी के लिए एक चम्मच सरसों के बीजों को एक गिलास गर्म पानी में उबाल लें। उसके बाद अच्छी प्रकार उबल जाने पर पानी को पिएं। इससे जमा हुआ कफ बाहर निकलने लगता है। जी दरअसल सरसों के बीज में मौजूद सल्फर जमे हुए कफ को बाहर निकालने में मदद करता है।

